हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026



# गुरु पूर्णिमा पर 56 वर्ष बाद दुर्लभ संयोग, बुधादित्य सहित शश और हंस राजयोग

## दुर्लभ संयोग बौद्धिक क्षमता, करियर, मान-सम्मान और आर्थिक उन्नति के लिए अत्यंत शुभकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

56 साल बाद गुरु पूर्णिमा पर दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर बुधादित्य राजयोग बन रहा है। सूर्य और बुध की युति से यह योग प्रभावी होगा। इसके अलावा शश राजयोग और हंस राजयोग जैसे शक्तिशाली संयोग भी बन रहे हैं। ये योग बौद्धिक क्षमता, करियर और मान-सम्मान में वृद्धि करते हैं। आषाढ़ पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा सनातन परंपरा में गुरु सम्मान और ज्ञान की साधना का महापर्व है। इस वर्ष यह तिथि ज्योतिषीय दृष्टि से भी अत्यंत विशेष और शुभ मानी जा रही है।

### शुभ मुहूर्त और पूजा का समय

गुरु पूर्णिमा को लेकर बन रहे विशेष संयोग के दौरान भी पूजा-अर्चना के कई शुभ मुहूर्त बताए गए हैं। पंडितों के अनुसार पूर्णिमा तिथि प्रारंभः 28 जुलाई शाम 6.18 बजे से होगी। जिसका समापन पूर्णिमा तिथि समाप्तः 29 जुलाई रात 8.05 बजे होगा। उदय तिथि के अनुसार अंचल में गुरु पूर्णिमा पर्व का पर्व बुधवार 29 जुलाई को मनाया जाएगा। वहीं सत्यनारायण कथा एवं गुरु पूजन का शुभमुहूर्तः प्रातः 5.41 बजे से 9.47 बजे तक का मुहूर्त बेहतर बताया गया है।

### जिलेभर में आयोजन

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आज जिलेभर में विभिन्न आयोजन आयोजित किए जा रहे हैं। इस आयोजनों के जरिये लोग अपने गुरुओं को याद करते नजर आएंगे। मंदिरों से लेकर सामाजिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों पर होने वाले आज के आयोजन के चलते वातावरण भी भक्तिमय रहेगा।



### फलदायी रहेगी कथा

इस शुभ मुहूर्त में गुरु पूजन, मंत्र जाप, ध्यान, दान-पुण्य और सत्यनारायण कथा करना अत्यंत फलदायी माना गया है। वैदिक ज्योतिष में बुधादित्य, हंस और शश राजयोग को अत्यंत प्रभावशाली योग माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों और ज्योतिषीय परंपराओं के अनुसार ऐसे योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव और अवसरों को बढ़ावा दे सकते हैं। शहर के मंदिरों सहित गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करने वाले आश्रमों में भी इसे लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

### ज्योतिष शास्त्र में इन योगों को मान-सम्मान

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार ग्रहों की विशेष स्थिति हंस और शश राजयोग को भी प्रभावी बनाएगी। ज्योतिष शास्त्र में इन योगों को सफलता, ज्ञान, प्रतिष्ठा और उन्नति का कारक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी पावन तिथि पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी दिन आदि गुरु के रूप में सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। वहीं भगवान बुद्ध ने भी सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश इसी तिथि पर दिया था। इस दिन गुरु, माता-पिता और वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लेना विशेष शुभ माना जाता है।




## खबर संक्षेप

### बाड़ी में डंप 19 पेटी गोवा व्हिस्की बरामद



**मोहला।** खेत बाड़ी में बने एक मकान में बड़ी मात्रा में शराब रखे जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर 19 पेटी गोवा व्हिस्की शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

27 जुलाई को थाना मोहला में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम देवरसुर में एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री हेतु रखे हुए हैं। सूचना की तस्दीक एवं वैधानिक कार्रवाई हेतु पुलिस टीम को तत्काल कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम देवरसुर पहुंचकर संदेही घनश्याम निषाद के खेत बाड़ी स्थित मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मौके पर भारी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण पाया गया। आरोपी के कब्जे से 19 पेटी गोवा व्हिस्की शराब कुल 1950 पौवा (मध्यप्रदेश निर्मित) शराब बरामद कर गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त किया गया। आरोपी घनश्याम निषाद 42 वर्ष निवासी ग्राम देवरसुर थाना मोहला का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत पाए जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### थाना परिसर में हंगामा दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** थाना परिसर में हो हंगामा मचाने पर पुलिस ने दो अनावेदकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 जुलाई को शराब पीकर वाहन चलाने के प्रकरण में चालक एवं वाहन में सवार अन्य 2 व्यक्तियों को थाना तलब किया गया था।

पुलिस के अनुसार वाहन चालक के साथ आए अनावेदक गोलू रामटेके एवं अक्षय तिवारी दोनों जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) नशे में थे, जिन्हें शांतिपूर्वक व्यवहार करने कहने पर हो-हल्ला शोर-शराबा कर उपस्थित पुलिस स्टॉफ से बदतमीजी से बर्ताव करने लगे। पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, जो नहीं माने और थाना परिसर में ही काफी उत्तेजित होकर हंगामा कर मारने-मरने पर उतारू हो गया। शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित हो जाने से धारा 170 बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## नए कनेक्शन के लिए आवेदन ले रहे लेकिन स्वीकृति नहीं

# चार महीने से सिर्फ आवेदन, नहीं मिल रहे उपभोक्ताओं को सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच बीते मार्च महीने से छिड़ी जंग का असर भारत के घरेलू रसोई घरों में देखने को मिल रहा है। युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। जिसके चलते देशभर में मार्च और अप्रैल महीने में एलपीजी गैस की भारी किल्लत महसूस की गई। इसी किल्लत का हवाला देते गैस कंपनियों ने मार्च महीने से नए गैस कनेक्शन देने की प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक लगा दी है, जो अब तक शिथिल नहीं हो पाई है। यानी करीबन चार महीने से आवेदन कर चुके लोगों को अपने घर में गैस सिलेंडर के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

ज्ञात हो कि ईरान-इजरायल के बीच हुए युद्ध के दौरान शुरूआती कुछ हफ्तों में तो स्थिति यह थी कि गैस एजेंसियों ने नए कनेक्शन के लिए आवेदन पत्र स्वीकार करना भी बंद कर दिया था। हालांकि पिछले कुछ समय से एजेंसियों ने राहत देते नए कनेक्शनों के लिए आवेदन लेना दोबारा शुरू कर दिया है, लेकिन राहत की उम्मीद जगाने वाली यह खबर भी आधी-अधूरी ही साबित हो रही है, क्योंकि एजेंसियां सिर्फ आवेदन जमा कर रही है। जबकि नया गैस कनेक्शन किसी भी उपभोक्ता को जारी नहीं किया जा रहा है। दूसरी ओर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का हाल भी बेहद निराशाजनक बना हुआ है। जिले में पिछले करीब दो वर्षों से उज्ज्वला योजना के तहत केवल आवेदन फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, लेकिन केंद्र या राज्य स्तर से नई स्वीकृतियां जारी ही नहीं की जा रही है। योजना के तहत नए कनेक्शन न मिलने के कारण सैकड़ों गरीब और जरूरतमंद परिवारों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। गैस सिलेंडर न मिल पाने की वजह से इन गरीब परिवारों की महिलाओं को आज भी धुंए से भरी रसोई में लकड़ी और कंडे जलाकर खाना पकाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## उज्ज्वला योजना के तहत भी नए आवेदन की स्वीकृति नहीं



### उज्ज्वला योजना के हितग्राही मायूस

जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों के सैकड़ों गरीब परिवार पिछले दो साल से योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन मिलने का इंतजार कर रहे हैं। फॉर्म जमा करने के बावजूद स्वीकृति न आने से इनका धुंआमुक्त रसोई का सपना अधूरा बना हुआ है। रसोई गैस के बढ़ते दाम और नए कनेक्शन पर लगी रोक ने इन गरीब परिवारों को एक बार फिर से पारंपरिक ईंधन और लकड़ी के चूल्हों की ओर लौटने पर विवश कर दिया है।

### संकट का असर

ईरान और इजराइल के बीच जारी सैन्य संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को गहराई से प्रभावित किया है। एलपीजी के आयात में आ रही रूकावटों के कारण भारत की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनियों ने सप्लाई बनाए रखने के लिए नए कनेक्शनों पर ब्रेक लगा दिया है। कंपनियों का पूरा ध्यान फिलहाल मौजूदा नियमित उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने पर केंद्रित है, ताकि देश में गैस की पैनिक बुकिंग या कालाबाजारी जैसी नौबत न आने पाए। इसके अलावा रसोई सिलेंडर के दामों में भी बढ़ोत्तरी हुई है। जिसके चलते भी लोगों की जेब पर बोझ बढ़ा है।

### तीन लाख से अधिक उपभोक्ता

मिली जानकारी के अनुसार जिले में लगभग तीन लाख पचास हजार से अधिक पंजीकृत गैस उपभोक्ता हैं, जो पूरी तरह से नियमित सिलेंडर आपूर्ति पर निर्भर हैं। इतनी बड़ी संख्या में मौजूद उपभोक्ताओं को रीफिल की समय पर डिलीवरी देना ही गैस एजेंसियों के लिए फिलहाल एक बड़ी चुनौती बन चुका है। ऐसे में नए कनेक्शनों पर लगी रोक ने आम जनता और नए शादीशुदा जोड़ों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। लोग लगातार एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

# पिकअप वाहन से 20 लाख का गांजा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टाटा योद्धा वाहन में बड़ी मात्रा में गांजा रखकर ओडिशा से उत्तरप्रदेश की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोका। इस दौरार अंधेरे का फायदा उठाकर दो आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने जब वाहन की जांच की, तब उसमें लगभग 41.195 किलोग्राम गांजा पाया गया। पुलिस वाहन व गांजा जब्त कर फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस को 26 जुलाई को एनसीबी रायपुर से सूचना प्राप्त हुआ कि ओडिशा के मलकानगिरी कोरापुट क्षेत्र से भारी मात्रा में गांजा टाटा योद्धा पिकअप वाहन में भरकर तुमडीबोड मार्ग से होते हुए आगरा उत्तरप्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है, जिस पर साइबर सेल, तुमडीबोड पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे स्थित गुरूद्वारा चौक के पास घेराबंदी की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि घेराबंदी के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन पुलिस को देखकर लगभग 300 मीटर पहले रूक गया। वाहन में सवार दो आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। संयुक्त टीम द्वारा तत्काल उनका पीछा किया गया एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापक तलाश की गई।

### 36 पैकेट में था 42 किलो गांजा

फरार आरोपियों द्वारा छोड़े गए वाहन की विधि सम्मत तलाश लेने पर सीट के पीछे एवं नीचे छिपाकर रखे गए 36 पैकेट बरामद हुए। जिसमें 41.195 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिसकी कीमत लगभग 20,65,750 रुपए आंकी गई है। बरामद गांजा को सीलबंद किया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। वाहन की तलाशी में एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

### वाहन, मोबाइल गांजा जब्त

पुलिस द्वारा 41.195 किलोग्राम गांजा, टाटा योद्धा पिकअप वाहन एवं मोबाइल फोन जब्त किया गया है। तुमडीबोड पुलिस चौकी में इस मामले में अपराध दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की पहचान स्थापित कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एनसीबी रायपुर एवं राजनांदगांव पुलिस की संयुक्त टीम लगातार प्रयासरत है। मामले के सभी पहलुओं की गहन विवेचना की जा रही है।

# नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के प्रयास में जुटा जिला संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगर मंडल में एक साथ 111 कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा इस्तीफा दिए जाने से हड़कंप मच गया है। सत्ताधारी दल भाजपा भी अचानक इतने बड़ी संख्या में इस्तीफा को देखकर हड़बड़ा गई है। इधर जिला संगठन अब स्थिति को सुधारने में जुट गया है।

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला भाजपा संगठन के पदाधिकारी अब अपने स्तर पर इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ताओं से संवाद करने में जुटे हुए हैं। वहीं अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को इस्तीफा रद्द कराने के लिए पसीना बहा रहे हैं। हालांकि बागी गुट का कहना है कि जब तक डोंगरगढ़ मंडल भाजपा में बदलाव नहीं किया जाता, उनकी वापसी नहीं होगी। बताया गया कि मंगलवार को जहां डोंगरगढ़ मंडल भाजपा ने एक अनऔपचारिक बैठक की है। वहीं ऐसी ही एक बैठक जिला भाजपा के कुछ सदस्यों की भी हुई है। जिसमें डैमेज कंट्रोल को लेकर चर्चा हुई।

### प्रदेश संगठन की भी नजर, मंगाई रिपोर्ट!

डोंगरगढ़ मंडल में एक साथ 111 लोगों के इस्तीफा देने की खबर मिलने के बाद प्रदेश भाजपा संगठन भी सक्रिय हो गया है। बताया गया कि प्रदेश संगठन ने भी जिला भाजपा संगठन से इस मामले को लेकर जानकारी ली है। वहीं जल्द से जल्द मामले को सुलझाने के निर्देश दिए हैं।

# जिले के स्कूली बच्चे तैयार करेंगे देश के जवानों के लिए रक्षासूत्र और संदेश पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के सभी शासकीय गैर शासकीय तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों में सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए सिपाही रक्षासूत्र एक चुटकी पवित्र माटी और सम्मानजनक शुभकामना संदेश एकत्रित करने का राष्ट्रव्यापी देशभक्ति अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत जिलेभर की भी सभी स्कूलों से रक्षासूत्र मंगवाया गया है। इसके लिए आगामी तीन अगस्त तक की अवधि तय की गई है।

लोक शिक्षण संचालनालय तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के माध्यम से सीमा सुरक्षा में जुटे प्रहरियों तक जनमानस का स्नेह तथा सम्मान पहुंचाना है। पूर्व सैनिक महासभा और सिपाही संगठन के तत्वावधान में संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित राखी, मौली धागा, तिलक के लिए एक चुटकी पावन मिट्टी तथा स्वयं के पते के साथ लिखे गए पत्र एक लिफाफे में संग्रहित किए जाएंगे। राजनांदगांव जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को तीन अगस्त तक सामग्री तैयार कर विकासखंड कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पश्चात चार अगस्त तक पूरी सामग्री जिला शिक्षा कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा की जाएगी।

### जगदलपुर से होगी शुरूआत

राज्य स्तर पर इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ एक अगस्त को जगदलपुर से वरिष्ठ जननायकों की मौजूदगी में होगा। इसके बाद चौदह अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सामग्री का संकलन पूरा किया जाएगा, फिर पंद्रह अगस्त को बिलासपुर से भव्य शोभायात्रा निकालकर यात्रा आगे बढ़ेगी तथा अंबिकापुर पहुंचेगी। इसके बाद यह दल झारखंड उत्तरप्रदेश और नई दिल्ली होते हुए पूरी सामग्री भारतीय सेना मुख्यालय तक निःशुल्क पहुंचाएगा।

## अंधेरे में गौरव पथ, निर्माण के चलते रास्ता बंद होने से परेशानी

# गौरवपथ का रास्ता बंद, आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरवपथ स्वागत द्वारा निर्माण कार्य की धीमी गति के चलते मार्ग बंद होने से आवागमन में लोगों को समस्या हो रही है। वहीं गौरवपथ में लगी स्ट्रीट लाइटों के बंद होने से गौरवपथ के आधे हिस्से में हॉकी स्टेडियम तक अंधेरा पसरा हुआ है। जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना भी बनी हुई है।

शहर के गौरवपथ में इंदिरा नगर चौक की ओर अधोसंरचना मद से लगभग 20 लाख रुपए की लागत से पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी की स्मृति में स्वागत द्वार का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के लिए इंदिरा नगर की ओर से जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रानीसागर की ओर से आने वाले लोगों को घूम कर जाना पड़ रहा है। निर्माण कार्य की धीमी गति के चलते रास्ता बंद किए जाने को लेकर लोगों में नाराजगी भी है। लोगों का कहना है कि एक-एक तरफ से रास्ता बंद कर निर्माण कार्य किया जाना था, ताकि आवामन भी सुचारू रहता।



### समस्या से घिरा गौरवपथ

गौरवपथ में स्वागत द्वारा निर्माण के लिए 16 अगस्त 2025 को भूमिपूजन संपन्न हुआ था। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू करने में भी देरी हुई और कार्य शुरू होने के बाद कार्य करने की गति धीमी होने के चलते लोगों को समस्या हो रही है। स्वागत द्वारा निर्माण कार्य में दो-तीन मजदूर ही काम करते दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों की संख्या बढ़ाकर जल्द से जल्द काम कराए जाने से राहत मिलेगी। गौरवपथ में पहले ही सड़क में गड्ढों को लेकर समस्या है। वहीं मार्ग बंद होने और अंधेरा पसरने से समस्या और बढ़ गई है।

### अंधेरे में दुर्घटना की संभावना

गौरवपथ में जिला अस्पताल की ओर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम तक पूरी स्ट्रीट लाइटें बंद है। जिसकी वजह से राहगीरों को समस्या हो रही है। खासकर शाम के वक्त यहां खेलने आने वाले अधिकांश बच्चे साइकिल से पहुंचते हैं। ऐसे में अंधेरा होने के चलते कभी भी दुर्घटना होने की संभावना भी बनी हुई है। अंधेरा की वजह से साइकिल सवार बच्चे नजर नहीं आते हैं।






# बड़े बकायादारों को नोटिस देकर करें कड़ाई से वसूली

■ छूट का लाभ लेने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के आधार पर वसूली प्रगति की जानकारी लेकर नए डिमांड के अनुसार डिमांड बिल देने तथा बड़े बकायादारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अच्छी वसूली करने वाले तीन वार्ड प्रभारी को पुरस्कृत किया। उन्होंने इस माह जुलाई के अंत तक सम्पत्तिकर का भुगतान में 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ लेने करदाताओं से अपील की।

आयुक्त ने बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कहा कि गत बैठकों में दिए गए दिशा-निर्देश के आधार पर कार्य करने से राजस्व वसूली में तेजी आई है। सभी वार्ड प्रभारी मेहनत कर रहे हैं। जिससे वसूली तो बढ़ी है, पर लक्ष्य के अनुरूप वसूली प्राप्त नहीं हो पा रही है। कुछ लोगों की वसूली अभी भी कमजोर है, जिन्हें मेहनत करने की आवश्यकता है। वार्ड प्रभारी कबीर नायक द्वारा बिना अनुमति अनुपस्थिति पर उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश राजस्व अधिकारी मोबिन अली को दिए।

राजस्व अधिकारी मोबिन अली ने कहा कि प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में जाकर डिमांड बिल बांटना है तथा उसके विरूद्ध वसूली करनी है। इसके अलावा पोस्टिंग कर, गुगल शीट भर अपने राजस्व उप निरीक्षकों को प्रतिदिन जानकारी देंगे। साथ ही शेष डिमांड तैयार कर डिमांड दुरूस्त करें तथा ऑनलाइन करने करदाताओं का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लें। जिससे ऑनलाइन वसूली में सुविधा होगी। बैठक में प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी हितेश ठाकुर सहित राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

## छूट के बारे में करदाताओं को बताएं

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्ड के करदाताओं का नाम एवं मोबाइल नंबर रखे और प्रतिदिन सम्पर्क कर वसूली के लिए जाए, क्योंकि हर व्यक्ति अपने काम में लगा रहता है, इसलिए सम्पर्क कर घर या प्रतिष्ठान में जाकर वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जुलाई माह के अंत तक सम्पत्तिकर के भुगतान में दी जाने वाली 6.25 प्रतिशत छूट के बारे में करदाताओं को बताए। बड़े बकायादारों को डिमांड नोटिस दें और बकायाकरों का भुगतान करने समझाईस दें। उन्हें बताए कि भुगतान नहीं करने की स्थिति में पेपर में नाम प्रकाशित कर नल कनेक्शन काटने एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त श्री मरकाम ने एक सप्ताह में अच्छी वसूली करने पर वार्ड प्रभारी दीपांकर गुरू, संजय शर्मा एवं सुमित यादव को पुरस्कृत किए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की वसूली सभी को करनी है, जिनकी वसूली कम है वे अपनी वसूली बढ़ाने मेहनत करें, प्रतिदिन घर-घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करें, करदाताओं को समझाईस दें कि वे अपने बकाया करों का भुगतान कर आर्थिक भार से बचे। साथ ही उन्हें इस माह अंत तक सम्पत्तिकर का भुगतान में 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ लेने प्रेरित करें।

# नीरज विद्या मंदिर में व्हाइट कलर-डे सेलिब्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई) डोंगरगांव की प्री-प्रायमरी विंग में बच्चों ने व्हाइट कलर-डे सेलिब्रेशन किया। इस अवसर पर बालसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

यह कार्यक्रम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य जिवेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में हुआ। बच्चों ने सफेद रंग को अपने-अपने परिधानों से आकर्षक अभिव्यक्ति दी। इस अवसर पर बच्चों ने सफेद रंग से संबंधित तरह-तरह के खिलौने एवं चित्र बनाए। ऐसे जानवर, फूल, फल, सब्जियां एवं वस्तुएं जो सफेद रंग के होते हैं, उनके खिलौने व चित्र आकर्षण के केन्द्र बनें। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी ने सफेद रंग को शांति, पवित्रता, सच्चाई और स्वच्छता का प्रतीक बताते कहा कि प्रत्येक रंग को बनाने के पीछे ईश्वर की कोई न कोई मंशा होती है। बच्चों को सफेद रंग संबंधी जरूरी जानकारियां संस्था प्राचार्य श्री द्विवेदी द्वारा दी गई।

## मनाया गया सामुहिक जन्मदिन

इस अवसर पर नौनिहालों का सामूहिक जन्मदिन भी मनाया गया और इन्हें बचत की दिशा में प्रेरित करने आकर्षक गुल्लक दिए गए। सेलिब्रेशन के लिए संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बच्चों एवं प्री-प्रायमरी विंग के टीचर्स को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैयद नूरजहां, श्वेता देवांगन, शिल्पा कलचुरी, लाकेश्वरी साहू, आशा साहू, सोनिका श्रीवास्तव एवं दामिनी देवांगन का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी संस्था शिक्षक नवीन देवांगन ने दी।

# संजीवनी नर्सिंग होम में हार्ट न्यूरो, स्पाइन सेवाओं का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ मरीजों के लिए बड़ी राहत

शहर में संचालित संजीवनी नर्सिंग होम में स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा विस्तार हुआ है। जिसमें शहर, जिले सहित आसपास जिलों के मरीजों को अब दिल, दिमाग, स्पाइन और हड्डियों से जुड़ी गंभीर बीमारियों के अत्याधुनिक इलाज के लिए रायपुर या नागपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

संजीवनी नर्सिंग होम हार्ट एंड न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशेषज्ञों की पूरी टीम अब एक ही छत के नीचे 24 घंटे आपातकालीन एवं ओपीडी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत भी इलाज की पूरी सुविधा उपलब्ध है। वहीं यहां फुल-टाइम न्यूरोसर्जन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

मस्तिष्क एवं न्यूरो से जुड़ी गंभीर बीमारियों के त्वरित इलाज के लिए अस्पताल में डॉ. वघासिया विशाल बाबूभाई अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## हृदय रोग विशेषज्ञ दे रहे सेवा

राजनांदगांव के एकमात्र हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जाहिद खान एमबीबीएस एमडी सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिन्हें अब तक 1000 से अधिक एंजियोप्लास्टी का विशाल अनुभव प्राप्त है। वहीं स्पाइन एवं न्यूरोसर्जरी विभाग पीजीआई चंडीगढ़ से प्रशिक्षित डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी द्वारा स्पाइन से जुड़ी सभी समस्याओं का विशेषज्ञ और सफल इलाज किया जा रहा है। इसी तरह हड्डी रोग विभाग संयुक्त प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. रितेश एन. भोसकर द्वारा आधुनिक तकनीक से ऑर्थोपेडिक इलाज प्रदान किया जा रहा है।

### प्रमुख न्यूरो उपचार व सर्जरी

ब्रेन ट्यूमर एवं ब्रेन हेमरेज, स्ट्रोक ट्रीटमेंट, हेड इंजरी और न्यूरो-ट्रॉमा, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल, लंबर स्पाइन सर्जरी, हाइड्रोसेफालस (शंट सर्जरी) व पीडियाट्रिक न्यूरो केयर चौबीसो घंटे इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध है।

# रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी के घर पहुंचे मेयर

## हरसंभव सहयोग का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कॉमनवेल्थ प्रतियोगिता में रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीतकर देश, प्रदेश और राजनांदगांव जिले का गौरव बढ़ाने वाली ज्ञानेश्वरी यादव के निवास पर पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने ज्ञानेश्वरी के माता-पिता श्रीमती दुर्गा यादव एवं दीपक यादव से आत्मीय भेंट कर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

महापौर श्री यादव ने कहा कि ज्ञानेश्वरी की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और अदम्य आत्मविश्वास के बल पर ज्ञानेश्वरी ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का मान बढ़ाया है तथा उन्हें विश्वास है कि वे भविष्य में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रचेंगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने समाज और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ज्ञानेश्वरी के खेल जीवन को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने वे भविष्य में भी हरसंभव सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देते रहेंगे।

### ज्ञानेश्वरी से की बातचीत

महापौर ने वीडियो कॉल के माध्यम से ज्ञानेश्वरी से भी आत्मीय बातचीत की। उन्होंने रजत पदक जीतने पर बधाई देते कहा कि यह सफलता आगे की बड़ी उपलब्धियों की शुरूआत है और अब लक्ष्य देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना होना चाहिए। उन्होंने ज्ञानेश्वरी को निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने की शुभकामनाएं दी। मधुसूदन ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी वीडियो कॉल के माध्यम से ज्ञानेश्वरी के माता-पिता की बात कराई। डॉ. सिंह ने ज्ञानेश्वरी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

### करेंगे मार्गदर्शन प्रदान

इस अवसर पर ज्ञानेश्वरी के माता-पिता ने कहा कि मधुसूदन यादव ने सदैव परिवार के अभिभावक की तरह उनका साथ दिया है। उन्होंने आग्रह किया कि आगे भी वे इसी प्रकार ज्ञानेश्वरी का मार्गदर्शन और संरक्षण करते रहें। श्री यादव ने कहा कि ज्ञानेश्वरी उनके लिए केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य के समान हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वे हर कदम पर ज्ञानेश्वरी के साथ खड़े रहेंगे तथा उनके खेल जीवन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने हरसंभव सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# प्रतिभावान बच्चों का सम्मान




**राजनांदगांव।** लोधी समाज की शैक्षणिक संस्था लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा 26 जुलाई को गंडई के मंडी प्रांगण में प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजन में खैरागढ़-गंडई-छुईखदान तथा पांडादाह सर्किल के 225 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इन बच्चों में 10वीं तथा 12वीं के प्रावीण्य सूची के बच्चे तथा नवोदय एवं प्रयास विद्यालय में चयनित बच्चों को शामिल किया गया था। इस अवसर पर बच्चों के मार्गदर्शन के लिए डॉ. अश्वनी वर्मा बीएमओ तथा प्रो. डिकेश्वर वर्मा द्वारा मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों के रूप में खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, उत्तम वर्मा, गोवेन्द्र पटेल, मोतीलाल जंघेल इत्यादि शामिल हुए। साथ ही लक्ष्य छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी से अध्यक्ष चैनदास जंघेल, प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, संरक्षक किशोर वर्मा, पूरन सिंह पटेल, महासचिव दानेश्वर लिल्हारे, निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार सिंगौर, कोषाध्यक्ष दीनूराम वर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा एवं सावित्री जंघेल, सचिव दुर्जन जंघेल, मीडिया प्रभारी दीपक जंघेल, मनोहर जंघेल, पंचूराम वर्मा, संतोष बेलगहे, बिंदिया वर्मा इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं परीक्षा का आयोजन

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत लक्ष्य केसीजी जिला के अध्यक्ष अवध चंदेल तथा संयोजक कोमल नारायण वर्मा ने किया। दोनों पदाधिकारी ने बताया कि लक्ष्य खैरागढ़ जिला द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक बच्चों के प्रतिभा प्रोत्साहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके अतिरिक्त नवोदय में प्रवेश हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण एवं परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिससे समाज के बच्चे लाभान्वित होते हैं। साथ ही समर कैंप, अध्ययन यात्रा, ट्रेकिंग, प्रतियोगी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। जिससे बच्चों के शैक्षणिक बौद्धिक तथा शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलता है।



# भाजपा ने रविदास महाराज की जयंती पर किया महाअभियान का शुभारंभ

## समरसता का संदेश, तिरंगे का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास महाराज की 650 वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले समरसता संकल्प अभियान, हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

गुरू पूर्णिमा के दिन 29 जुलाई से फरवरी 27 तक संचालित होने वाले अभियान की चरणबद्ध रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का संचालन जिला भाजपा महामंत्री व अभियान के जिला संयोजक नवनीत जैन ने किया, जबकि स्वागत उद्बोधन जिला भाजपा अध्यक्ष ने दिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि संत रविदास जी का संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी समाज को आंतरिक शुचिता, समानता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अभियान के पांचों चरणों में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेगा। अपने प्रथम प्रवास का उल्लेख करते हुए उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास की आवश्यकता पर बल दिया तथा बेमेतरा में संगठन को सशक्त बनाने में जिला सहप्रभारी विक्रांत सिंह के योगदान की सराहना की।



### मंदिरों में होगा विचारों का सामूहिक वाचन

जिला भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि संत रविदास के विचार सामाजिक समरसता और मानव समानता की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने बताया कि अभियान पांच चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण में प्रत्येक मंडल के चार मंदिरों में संत रविदास के विचारों का सामूहिक वाचन किया जाएगा। इसके पश्चात कलश यात्रा, हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, प्रसाद वितरण, चित्रकला प्रतियोगिता सहित छात्रावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। खाद्य आयोग अध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि संत रविदास जैसे महापुरुषों ने कठिन परिस्थितियों में भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और समानता के मूल्यों को जीवित रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसे महापुरुषों के जीवन और विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का कार्य कर रही है। यह अभियान सामाजिक एकता को और सुदृढ़ करेगा।

### सामाजिक समरसता को नई ऊर्जा मिलेगी

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने संत रविदास को महान समाज सुधारक, संत कवि व भक्तिकाल के प्रेरणास्रोत के रूप में स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को समानता, सद्भाव और सेवा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह अभियान सामाजिक समरसता को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने आभार व्यक्त किया। साथ ही अभियान को पूरे जिले में प्रभावी रूप से सृजित करने जिला सहित सभी मंडलों में संयोजकों और सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इस दौरान भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मनहरे, जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार, दिनेश वर्मा, देवकुमार सेन, भोज बंजारे, भावेश कोचर, रोशन चन्द्राकर, भीखू हिरवानी, ललित चोपड़ा, आनंद सिन्हा, परमानंद साहू, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, वंदना टांडेकर, गिरजा चन्द्राकर, नरेश कुर्रे, हरप्रसाद वर्मा, मंजीत सिंह, मुकेश वर्मा, दीनदयाल सिन्हा, जयप्रकाश साहू, महेश गिरी, डॉ. चंदू वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंजीयन कराने कैट के पदाधिकारियों ने की अपील

**राजनांदगांव।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राजनांदगांव इकाई ने जिले के व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं युवा उद्यमियों से आगामी 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत व्यापार महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है। कैट जिला अध्यक्ष राजेश डागा ने कहा कि यह महोत्सव केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं, बल्कि देश-विदेश के खरीदारों, निवेशकों, उद्योगपतियों एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों से सीधे जुड़ने का एक ऐतिहासिक अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से व्यापारियों को नए बाजार, आधुनिक व्यापार तकनीकों, डिजिटल कॉमर्स, ब्रांडिंग, ई-कॉमर्स, आयात-निर्यात तथा नेटवर्किंग के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि जिले के व्यापारियों की अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए व्यापक जनसंपर्क एवं पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। सभी व्यापारियों, उद्योग संगठनों, बाजार संघों, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स एवं युवा व्यवसायियों से आग्रह किया गया है कि वे इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में बिजनेस डेलिगेट के रूप में पंजीयन कर अपने व्यापार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का अवसर प्राप्त करें। इस अवसर पर कैट के पदाधिकारी अनिल बरडिया, राजेश जैन, अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, लक्ष्मण लोहिया, आवतराम तेजवानी, अमित खंडेलवाल, गुरमुख दास वाधवा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, आलोक बिंदल, संजय लड्ढा, सागर चितलांग्या, राहुल जायसवाल, रोहित मखीजा, अशोक सेठिया, सौरभ गांधी एवं राजा मखीजा ने भी संयुक्त रूप से व्यापारियों से अपील करते कहा कि यह महोत्सव व्यापार विस्तार, नए व्यावसायिक संबंध स्थापित करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का एक उत्कृष्ट मंच है।

# आठ खिलाड़ियों का संभागीय शालेय स्पर्धा के लिए चयन

**राजनांदगांव।** नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग एवं योगशाला प्रशिक्षण संस्थान अनुपम नगर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के आठ खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय शालेय योगासन खेल स्पर्धा के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 5 अगस्त को बालक वर्ग और 6 अगस्त को बालिका वर्ग में राजनांदगांव में आयोजित होगी।



विद्यालय के चयनित खिलाड़ी ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक एवं रिदमिक योगासन स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ट्रेडिशनल सिंगल 14 वर्ष आयु बालक वर्ग पार्थ पारधी, बालिका वर्ग में खुशी सिन्हा, ट्रेडिशनल सिंगल इवेंट 17 वर्ष बालक आयु वर्ग में यशस्व ठाकुर, आर्टिस्टिक सिंगल 14 वर्ष आयु बालिका वर्ग प्रियांशी सिंह, आर्टिस्टिक पेयर 14 वर्ष आयु बालिका वर्ग में खुशी सिन्हा एवं देवांशी साहू, रिदमिक पेयर 14 वर्ष आयु बालिका वर्ग में समृद्धि विश्वकर्मा एवं दीक्षा सिन्हा, रिदमिक पेयर 14 वर्ष आयु बालक वर्ग में पार्थ पारधी एवं हरीश वर्मा संभाग स्तरीय शालेय योगासन खेल स्पर्धा के लिए अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर चयन हुआ है। खिलाड़ियों के चयन से विद्यालय परिवार, योग प्रशिक्षण संस्थान, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

विद्यालय प्रबंधन एवं योग प्रशिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते विश्वास व्यक्त किया किए वे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, योग प्रशिक्षण संस्थान तथा राजनांदगांव जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605


न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नम:



# गुरु पूर्णिमा : ज्ञान, संस्कार और कृतज्ञता का महापर्व

करता करे ना कर सके, गुरु करे सब होय।
सात द्वीप नौ खंड में गुरु से बड़ा ना कोय।।
मैं तो सात समुंद्र की मसीह करू,
लेखनी सब बदराय।
सब धरती कागज करू पर,
गुरु गुण लिख ना जाय।।




भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी प्रसिद्ध है। महर्षि वेदव्यास ने वेदों का विभाजन तथा महाभारत और अनेक पुराणों की रचना कर मानव समाज को अमूल्य ज्ञान प्रदान किया। इसलिए इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह जीवन को सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है। गुरु अपने ज्ञान, अनुभव और संस्कारों से शिष्य के जीवन को प्रकाशित करता है। भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान भगवान से भी श्रेष्ठ माना गया है।"


गुरु पूर्णिमा का संदेश हमें अपने गुरुजनों, माता-पिता, शिक्षकों और उन सभी व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है, जिन्होंने हमें जीवन में आगे बढ़ने की राह दिखाई। इस दिन लोग अपने गुरु का सम्मान करते हैं, उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और समाज में ज्ञान, सेवा एवं सद्भाव का संकल्प लेते हैं। आज के समय में भी गुरु का महत्व उतना ही है जितना प्राचीन काल में था। ज्ञान, अनुशासन, नैतिकता और संस्कारों के माध्यम से गुरु एक सशक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुरु पूर्णिमा हमें यह सीख देती है कि जीवन में सफलता का वास्तविक आधार ज्ञान, विनम्रता और गुरु के प्रति श्रद्धा है।











## खबर संक्षेप

### कंटेनर में घुसी कार

**चिचोला।** महाराजपुर के पास जीई रोड़ पर खड़े कंटेनर में एक कार घुस गई। इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप के पास कंटेनर क्रमांक एनएल 01 एली 7341 खड़ा था। राजनांदगांव की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 08 एल 9215 घुस गई। इस घटना में कार चालक को हल्की चोटें आई हैं।



### शहीद जवानों को किया याद



**एलबी नगर।** स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कारगिल विजय दिवस पर प्रभात कुमार, चेतना साहू, सुभाष, संजय साहू एवं अन्य छात्र छात्राओं ने जवानों के कौशल और समर्पण पर अपने विचार रखे। प्रो मनोहर बोकडे ने कारगिल की चोटी पर जवानों द्वारा दिखाए गए साहस के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ ठाकुर ने कहा कि सैनिकों के जज्बा, उत्साह, पराक्रम के कारण देश सुरक्षित है। इस दौरान प्रो बीआर चन्द्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड़, अरुण साहू, रीना सलामे, स्वयंसेवक डीकेश्वर, रितेश पटेल, चुरामन आदि उपस्थित थे।

### आचार्यों को कराया कर्तव्य बोध

**डोंगरगढ़।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ में शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव अविनाश ब्राह्मणकर, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वरलाल निषाद, आचार्य झुंपा मंडल ने पूजा अर्चना किया। स्वागत के बाद आचार्यों को वंदना प्रार्थना का अभ्यास कराया गया। प्राचार्य प्रकाश यादव ने आदर्श आचार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं कर्तव्यों का बोध कराया। श्री जैन ने सभी से लगन से कार्य करने की बात कही। तत्पश्चात वरिष्ठ आचार्य ने हिंदी, गणित, विज्ञान, संस्कृत, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, शिशु विभाग, कृषि विभाग, पर्यावरण आदि विषयों पर अपने मासिक कार्य योजना प्रस्तुत किया। अविनाश ब्राह्मणकर ने नवाचार शिक्षण को विस्तार से समझाया। प्रधानाचार्य श्री निषाद और आचार्य थैलेश साहू ने आचार्यो को दिशा निर्देश दिया। अंत में डिकेंश साहू ने योगाभ्यास कराया।



### कारगिल के शहीदों को किया नमन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने जवानों के अदम्य साहस, शौर्य, राष्ट्रभक्ति एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने सैनिक एवं पुलिस सेवा में चयनित युवाओं का सम्मान किया। शहीदों के परिजनों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात बाइक रैली निकाला गया। अंत में पौधरोपण किया गया।



### बीएससी अंतिम वर्ष के परिणाम घोषित

**डोंगरगढ़।** स्थानीय नेहरू महाविद्यालय ने बीएससी अंतिम वर्ष जीव विज्ञान एवं गणित संकाय का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जीव विज्ञान संकाय में प्रिया पटेल ने 78.61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में पहला स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर सुजाता रही जिसने 72.66 प्रतिशत अंक हासिल किए। तीसरे नंबर पर रहे निखिल ने 72.38 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार गणित संकाय में पंकज 71.27 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहे। द्वितीय स्थान पर रही निशा ने 69.88 और तृतीय स्थान पर रही चित्रेखा ने 69.27 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्राचार्य प्रदीप जाम्बुलकर एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।



### प्रयास में रियांश का चयन



**डोंगरगांव।** स्थानीयस सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र रियांश मंडावी आ तीरथ मंडावी का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ हुआ है। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में नवोदय, प्रयास, जेईई, पीएटी प्रवेश परीक्षा का अध्यापन कराया जाता है, जिसका लाभ अध्ययनरत विद्यार्थियों को मिलता है। विद्यालय परिवार ने रियांश को बधाई दी है।

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को विदाई

**अंबागढ़ चौकी।** प्रधानपाठक अशोक साहू के सेवानिवृत्त होने पर आतरगांव संकुल के शिक्षकों ने संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला माहुद मचान्दुर से 31 दिसंबर तक सेवा देने के बाद निवृत होने वाले प्रधानपाठक श्री साहू को शिक्षकों ने श्रीफल, शाल, मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य राजेंद्र बाम्बेश्वर, डॉ.प्रणीता बंसोड़, निशा वर्मा, पवन सोरी, लेखराम ठाकुर, हेमंत मेश्राम, योगेश साहू, पूर्णिमा यादव, गंगोत्री देशमुख, भारती चंद्रवंशी, अंगदराम, खिलेश साहू, महेंद्र चंदेले, नेमीचंद टंडन, जगदीशराम सिंहा, टिकेश्वरी कुर्रे, शारदा गुप्ता, सावित्री कचलामे, मीना कोसरे, अमृता कर्मकार, पुष्पा पिस्दा, बिंदेश्वरी यादव आदि उपस्थित थे। संचालन त्रिभुवन गहने ने किया।



---

### सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का बुरा हाल

# स्कूलों में बंटने वाली साइकिलों के अभी से हिलने लगे कलपुर्जे

## पालकों और छात्राओं में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के तहत विभिन्न स्कूलों की कक्षा नवमीं की छात्राओं को वितरित करने के लिए सायकिलें पहुंची है। वितरित होने के पहले ही उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार ढोकला, कोसमी, ईरागांव, हथरा सहित अन्य गांवों के स्कूलों में सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत छात्राओं के लिए सायकिल भेजा जा रहा है। सायकिल की क्वालिटी घटिया है जिससे उसके भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। कहा जा रहा है कि शिक्षा सत्र के अंत तक सायकिल का उपयोग लायक रहना मुश्किल है।

### बहुसंख्यक साइकिल खराब

जानकारी के अनुसार विभिन्न स्कूलों में पहुंची सायकिलों में से लगभग 70 फीसदी में खराब देखी जा रही है। पता चला है कि एक स्कूल में 50 सायकल आई थी जिसमें से केवल 16 ही सही मिली है। जानकारी के अनुसार कुछ स्कूल वाले घटिया सायकिलों को वापस करने के बजाए स्थानीय दुकानदारों से उसकी रिपेयरिंग करवाकर वितरण कर रहे है। कुछ स्कूलों में घटिया सायकल ही छात्राओं को थमा दिया गया है जो अब रिपेयरिंग दुकानों में शोभा बढ़ा रही हैं। लोगों का कहना है कि सायकल की गुणवत्ता खराब है तो उसे वापस किया जाना चाहिए।

### अजीबो गरीब नाम



अंचल के विभिन्न स्कूलों में जो सायकिलें पहुंची है उसमें नाम का जो स्टीकर लगा है उसे पहले कभी ग्रामीणों ने सुना है और न देखा है। जानकारी के अनुसार जो सायकिलें पहुंची है उसमें पायल, कोहिनूर, सीमा आदि नाम के स्टीकर लगे है जबकि बाजार में इस तरह के नाम वाली सायकिलें उपलब्ध ही नहीं है।

### पालक और बच्चे परेशान

उल्लेखनीय है कि छात्राओं तक स्कूल आने के लिए सायकल दिया जाता है किन्तु स्कूलों में बंट रही सायकिलें छात्राओं और पालकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। आए दिन शिकायतें सामने के बाद छात्राओं को मजबूरन पैसा खर्चा कर मरम्मत कराना पड़ रहा है।

### टायर कमजोर, ट्यूब कटे फटे

सायकिलों की स्थिति का जब मौके पर जायजा लिया गया तो खुलासा हुआ कि सायकल की सीट छोटी है, तो स्टैंड लटक रहा है। मडगार्ड में टूटा हुआ है। साइज भी सामान्य सायकिल के तुलना में कम है। टायर की क्वालिटी भी अच्छी नहीं है। कुछ सायकिलों में लगे ट्यूब कटे फटे हैं। छात्राओं को मिलने वाली सायकल की गुणवत्ता ऐसी है कि कोई आधी कीमत में भी न ले।

---

# साढ़े चार लाख के आभूषण की चोरी का हुआ खुलासा

## दो आरोपी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रेल सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। करीब 4.50 लाख मूल्य के स्वर्ण आभूषण चोरी मामले का खुलासा करते हुए आरपीएफ ने डोंगरगढ़ के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए जीआरपी रायपुर के सुपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार गत 19 जुलाई को ट्रेन संख्या 20844 भागमती एक्सप्रेस के ए 2 कोच में यात्रा के दौरान एक यात्री के सोने के आभूषण की चोरी हो गईथी। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी रायपुर में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आ र पी ए फ नागपुर मंडल एवं रायपुर मंडल की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने गोंदिया, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण करते हुए संदिग्धों की पहचान कर तलाश शुरू की। गत 26 जुलाई को दो संदिग्धों से पूछताछ की गई।

सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उनकी पहचान नवनीत पटेल एवं नितिन पटेल निवासी डोंगरगढ़ के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। आरोपियो को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रायपुर को सौंप दिया गया है।

---

# वेतन काटने के आदेश से शिक्षकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- शासन का आदेश अव्यवहारिक
- बायोमेट्रिक सिस्टम लागू करने की मांग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने वीएसके एप से ऑनलाइन दर्ज उपस्थिति के आधार पर वेतन आहरण करने एवं कम उपस्थिति पर वेतन काटने के निर्देश को अव्यवहारिक बताया है।

अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि तकनीकी त्रुटि के कारण सही उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है। लोकेशन की समस्या भी बनी है। नेटवर्क समस्या के कारण शाला प्रारंभ होने के पूर्व पहुंचने वाले शिक्षकों की भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। तकनीकी त्रुटि दूर किए बिना और उपस्थिति पंजी के सत्यापन किए बिना शिक्षको के वेतन काटने का फरमान गलत है जिसका एसोसिएशन विरोध करता है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र यदु, शरद शुक्ला, राकेश तिवारी, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, बृजेश वर्मा, चंद्रिका यादव, राजेश साहू, संदीप साहू, रतिराम कन्नौज, महेश ऊईके ने कहा है कि वीएसके एप की अनुपस्थिति पर वेतन काटने का जो आदेश निकाला गया है वह निंदनीय है। एसोसिएशन ने बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जिन शालाओं में नेटवर्क की समस्या है, वहां बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेने का निर्णय लिया गया है जिसे प्रदेश में लागू किया जाना चाहिए।

---

# अब पेट्रोल को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में कांग्रेस

**डोंगरगढ़।** नीट परीक्षा के बाद पेट्रोल में आ रही गड़बडी को लेकर कांग्रेस केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में है। लोगो के बीच गाड़ी में आ रही गड़बडी को लेकर चर्चा है कि पेट्रोल में एथेनाल मिलाने के कारण यह स्थिति नहीं हुई है। शहर के वाहनों में जो दिक्कतें आ रही है उसके लिए मिस्त्री और शो रूम संचालक इसकी वजह पेट्रोल को बता रहे है। इस मामले में अब तक खाद्य विभाग की ओर से कोई सफाई नहीं आई है और न भाजपा के जनप्रतिनिधि कुछ बोलने सामने आ रहे है। वहीं कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता इसे मुददा बना कर लडाई लड़ने की तैयारी में हैं।

### भाजपाईयों ने साधा मौन

विभिन्न मामलों को लेकर कांग्रेस लगातार आक्रामन तेवर दिखाते हुए भाजपा सरकार को घेर रही है। विकास और निर्माण कार्यों को लेकर वह कई आंदोलन भी कर चुकी है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि वार पर वार होने के बाद भी भाजपा संगठन प्रतिरोध नहीं कर पा रहा है। कहा जा रहा है कि संगठन में आपसी तालमेल में कमी तो है साथ ही अंदरूनी लडाई चरम पर है। पालिका और जनपद पंचायत में भाजपा का बहुमत होने के बाद भी योजनाओं का लाभ जरूरत मंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है जिसकी नेताओं को चिंता नहीं है। कहा जा रहा है संगठन में ऐसे ही चलते रहा तो आगामी चुनाव में परेशानी खड़ी हो सकती है।

---

# खाली बस्ता लेकर स्कूल आ रहे बच्चे

**डोंगरगांव।** नए शिक्षा सत्र को शुरू हुए डेढ़ महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन इग्नाइट स्कूलों में अब तक पुस्तकों का वितरण नहीं हो सका है। किताबों के अभाव में स्कूलों में अब तक बच्चों की पढ़ाई शुरू नहीं होने से पालकों में आक्रोश देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शासन ने जून के द्वितीय सप्ताह तक सभी बच्चों को किताबें देने कहा था लेकिन जुलाई के अंतिम दिनों तक इग्नाइट प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र खाली बस्तों के साथ स्कूल आने मजबूर हैं।

### शिक्षकों की लाचारी

शिक्षकों का कहना है कि नए पाठ्यक्रम और इग्नाइट मॉड्यूल के अनुसार अध्यापन कराने के लिए पुस्तकें अनिवार्य है। बिना किताबों के बच्चों को पढाना मुश्किल है। अभिभावकों का कहना है कि बाजार में भी इग्नाइट स्कूल की पुस्तकें और अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं हैं।

### पुरानी किताबों का उपयोग

किताबें न मिलने से सबसे अधिक परेशानी प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को हो रही है। शिक्षक किसी तरह पुरानी किताबों, ब्लैकबोर्ड पर नोट्स लिखकर खानापूर्ति कर रहे हैं। गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे कठिन विषय जिसमें अभ्यास बेहद जरूरी होता है, लेकिन पुस्तक और अभ्यास पुस्तिका न होने से बच्चे पुनरावृत्ति नहीं कर पा रहे हैं।

---

## कॉलेज में गायन स्पर्धा का आयोजन

**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे के निर्देशन में वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ प्राचार्य ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर डॉ. चौरे ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह हमारी मातभूमि के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने देशवासियों में साहस, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना जागृत की थी। यह गीत हमें अपने देश, समाज और संस्कति के प्रति कर्तव्य बोध कराता है। स्पर्धा में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

---

# महतारी सदन के चारों तरफ भरा पानी, पहुंच मार्ग भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी



ग्राम सोमनी में लगभग 30 लाख की लागत से निर्मित महतारी सदन के आसपास जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इस सदन का निर्माण डबरी के बीच कर दिया गया। भवन तक पहुंचने के लिए समुचित रास्ता भी नहीं है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा इस भवन की स्वीकृति दी थी। वर्ष 2025 में इसका निर्माण कराया गया। यह निर्माण तत्कालीन सरपंच के कार्यकाल में कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थल के चयन में गंभीर लापरवाही बरती गई। सूत्रों के अनुसार पंचायत की वर्तमान कार्यकारिणी ने इस भवन को हैंडओवर लेने से इंकार कर दिया है। पंचायत का कहना है कि निर्माण स्थल और गुणवत्ता से जुड़ी आपत्तियों के कारण उसे अधीन लेना उचित नहीं है। इस पूरे मामले में अधिकारियों की अनदेखी पर सवाल उठ रहे हैं।

---

# शिक्षक कभी नहीं होता रिटायर्ड : राव



**मुरमुंदा।** संकुल प्राचार्य एएनव्ही के मार्गदर्शन, संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ के सहयोग तथा संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार के नेतृत्व में उच्चतर माध्यमिक शाला उरईडबरी की प्रभारी प्राचार्य राजकुमारी जैन के सेवानिवृत्त होने पर पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया है।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य श्रीमती जैन थी। अध्यक्षता दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. के. वेंकट राव, अति विशिष्ट अतिथि दुर्ग संभाग के सहायक संचालक, बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, सरपंच तोरण प्रीतम मारकंडे थे। सर्वप्रथम अतिथियो ने छत्तीसगढ महतारी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया।

स्वागत के बाद संयुक्त संचालक श्री वेंकट राव ने सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य को मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता क्योकि उसके सेवानिवृत्त होने के बाद भी उसके गुणो का बच्चों एवं समाज को निरंतर लाभ मिलते रहता है। उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को समय प्रबंधन अनुसार बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर बच्चों का सर्वांगीण विकास करने का निर्देश दिए। तत्पश्चात सेवानिवृत्त श्रीमती जैन ने अपनी शैक्षणिक यात्राओं के यादगार पलों को शिक्षक, शिक्षिकाओ, बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने बच्चो को कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल करने प्रेरित किया। इस दौरान संयुक्त संचालक ने श्रीमती जैन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं संकुल परिवार उरईडबरी की ओर से सेवानिवृत्त श्रीमती जैन को साल, श्रीफल एवं अभिनंदन पुष्प भेंट किया गया। अभिनंदन पुष्प का वाचन संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य एएन व्ही सत्यनारायण ने किया।

---

### चातुर्मास में लें जीव रक्षा, जिनवाणी श्रवण का संकल्प

# बदलाव के लिए परिस्थितियां नहीं खुद को बदलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में मंगलवार को आयोजित धर्मसभा में साध्वी आज्ञांजना श्रीजी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास आत्म परिवर्तन, अहिंसा, तप और मर्यादा का पर्व है। वर्षा ऋतु में असंख्य जीवों की रक्षा के लिए चातुर्मास की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करुणा का भाव निरंतर कम हो रहा है, जबकि झूठ, चोरी, परिग्रह और किसी को दुःख पहुँचाना भी हिंसा के रूप हैं जो लगातार बढ़ रही है। जीवन में अहिंसा और धर्म को अपना कर ही मंगलमय बनाया जा सकता है।

धर्मसभा में साध्वी आज्ञांजना श्रीजी म.सा. ने चातुर्मास के आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व पर प्रेरणादायी प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में करुणा का भाव क्षीण हो रहा है। पड़ोसी के सुख-दुःख की चिंता तक नहीं रह गई है। भगवान महावीर ने संघ, तीर्थ और मर्यादा की स्थापना समाज के कल्याण के लिए की है। जब मर्यादाओं का उल्लंघन होता है, तब परिस्थितियाँ विकट बन जाती हैं। साधु-संतों के साथ श्रावक-श्राविकाओं के लिए मर्यादा का पालन अनिवार्य है।



### चातुर्मास में बनाए जीवन सार्थक

साध्वीश्री ने तप की महिमा बताते हुए कहा कि तप कर्मों की निर्जरा एवं आत्मा को उज्जवल बनाने का श्रेष्ठ साधन है। चातुर्मास की व्यवस्था आत्मपरिवर्तन के लिए की गई है। दृढ़ संकल्प के साथ जिनवाणी का श्रवण, प्रवचन, पूजा, आराधना एवं छोटे-छोटे तपों से स्वयं को जोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। म.सा. ने कहा कि सत्संग मन की शुद्धि, मानसिक शांति, सकारात्मक सोच, विवेक, ज्ञान और ईश्वर से जुड़ने का सर्वोत्तम माध्यम है। गुरु केवल जीवन में आते नहीं, बल्कि जीवन की वास्तविक शुरुआत ही गुरु के सान्निध्य से होती है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सत्संग से प्राप्त श्रेष्ठ शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लेना चाहिए।

### अहिंसा से कई समस्याओं का समाधान

उन्होंने कहा कि चातुर्मास आत्मशुद्धि, अहिंसा और तप का काल है। वर्षा ऋतु में असंख्य जीवों की उत्पत्ति होती है, इसलिए इस समय अहिंसा का पालन सर्वोपरि माना गया है। उन्होंने कहा कि केवल प्राणी की हत्या ही हिंसा नहीं है, बल्कि झूठ बोलना, दुःख पहुँचाना, चोरी और परिग्रह करना भी हिंसा का रूप है। उन्होंने कहा कि अहिंसा को अपनाया जाए तो कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।

---

### बाजार में बढ़ी मोबाइल चोरी की घटनाएं

**सोमनी।** ग्राम के साप्ताहिक बाजार में लगातार मोबाइल चोरी की घटनाएं हो होने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि मोबाइल चोरी की घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं।

चोरी का सिलसिला वर्षों से जारी है।ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने बताया कि इस बार में कई बार पुलिस को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों का कहना है कि बाजार में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में चोर सक्रिय रहते हैं, जिससे ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की घोषणा : राजपूत



**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित ईडी गठबंधन के घटक दलों पर तीखा हमला करते कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है। जिलाध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है।

### 4 सितंबर को मनाया जाएगा कृष्ण जन्माष्टमी

**राजनांदगांव।** नगर कोसरिया यादव समाज की बैठक 26 जुलाई को बसंतपुर स्थित भवन में आयोजित की गई। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि बैठक की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सामाजिक सदस्यों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सभी ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया। आगामी 4 सितंबर को दोपहर 01 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास सहाड़ादेव में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना पश्चात शोभायात्रा, झांकी, पालकी यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही हर वार्डों से यादव की उपस्थिति पर चर्चा की गई और यादव की उपस्थिति के विषय पर विचार किया गया और हर वार्डों में मीटिंग कर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थिति पर बल दिया गया। साथ ही नगर निगम राजनांदगांव में एल्डरमैन बनने पर मंजू यादव का समाज द्वारा सम्मान किया गया। बैठक में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन को लेकर सदस्यों में उत्साह देखा गया। बैठक में जिला कोसरिया यादव महासभा के जिलाध्यक्ष मन्नालाल यादव, जिला महिला अध्यक्ष शीला यादव, नगर अध्यक्ष सूरज यादव, महिला नगर अध्यक्ष मधु यादव, मंच संचालक प्रभारी राजीव यादव के साथ-साथ मन्नूलाल यादव, बलिराम यादव, पूनाराम यादव, राजेश यादव, वासुदेव यादव, छबिलाल यादव, दिलीप यादव, रेखु यादव, उत्तम यादव, सुरेश यादव, धरम यादव, धनेष यादव, मुकेश यादव, सतीश यादव, अभिषेक यादव, विरेन्द्र यादव, अपूर्व यादव, केशर यादव, निर्मला यादव, आरती यादव, पुष्पा यादव, सुशीला यादव, गीता यादव, रजनी यादव, अंजू यादव, निषा यादव, लतिका यादव, शोभा यादव, पूजा यादव, मीना यादव, राजकुमारी यादव सहित अधिक संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित थे।



### स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को राहत

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा 4 जिलों में स्थापित किए जा रहे 'स्मार्ट बिजली मीटर' उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शिता, ऊर्जा बचत और सुरक्षा के नए माध्यम बनकर उभरे हैं। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर बिजली बिल नहीं बढ़ाते। ये मीटर केवल वास्तविक खपत के आधार पर सटीक रीडिंग देते हैं और उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद करते हैं। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र ने जारी विज्ञप्ति में आम नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा बिजली संबंधी किसी भी जानकारी के लिए केवल अधिकृत एवं आधिकारिक स्रोतों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### सोलर पैनल लगाने किया प्रेरित

**राजनांदगांव।** नगर निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने निगम में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर उनसे चर्चा कर योजना की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त श्री मरकाम ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की महती योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। योजनांतर्गत 30 हजार रुपए से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैंक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली खपत के अनुसार एक, दो या तीन किलोवॉट का सोलर पैनल लगाना है। आयुक्त ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि बिजली खर्च बचाने अपने घर में सोलर पैनल जरूर लगाएं और अपने लोगों को भी प्रेरित करें। इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, ऑनलाइन एप्लीकेशन है। जिसमें आधार कार्ड, बिजली बिल, मकान का दस्तावेज आदि के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष ने अपने निवास कार्यलय में लगभग 4 सौ लाभार्थियों जिनका बिजली बिल शून्य हो गया, उनसे सीधा संवाद किया। इसका तात्पर्य यह है कि सोलर पैनल लगाने से लाभ मिल रहा है और हम सब अधिकारी-कर्मचारी अपने घरों में लगा इसका लाभ लें। बैठक में कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### नगर निगम ने जनता को संकट में डाला : संतोष



**राजनांदगांव।** शहर की बदहाल सड़कों, उखड़ते डामरीकरण और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहरवासी बारिश के मौसम में गंभीर परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं। उन्होंने महापौर की भूमिका पर भी सवाल उठाते पूछा कि आखिर जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए वे प्रभावी पहल क्यों नहीं कर पा रहे हैं। श्री पिल्ले ने मंगलवार को शहर की सड़कों और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई कई नई डामर सड़कें कुछ ही समय में उखड़ने लगी है। जबकि पुरानी सड़कें पहले से ही गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पूरे शहर में जगह-जगह बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री पिल्ले ने कहा कि बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ गई है। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं और आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।

इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन की ओर से गड्ढों की मरम्मत को लेकर कोई गंभीर पहल दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में नए बिजली खंभे तो लगा दिए गए, लेकिन उनमें अब तक स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाई गई है। वहीं कई पुराने खंभे जर्जर हालत में खड़े हैं और उनकी लाइटें भी लंबे समय से बंद पड़ी है। इससे शाम होते ही कई वार्ड अंधेरे में डूब जाते हैं। जिससे आम नागरिकों की परेशानी बढ़ जाती है।

## सफाई व मरम्मत कर व्यवस्था दुरूस्त करने दिए निर्देश

# महापौर ने बस स्टैंड पहुंचकर चालकों-दुकानदारों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव मंगलवार सुबह वार्ड नंबर 15 स्थित बस स्टैंड एवं गौरव स्थल का नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह एवं वार्ड पार्षद प्रमोद झंझाडे तथा अधिकारियों के साथ पैदल भ्रमण कर बस चालक, परिचालक तथा दुकानदारों से व्यवस्था संबंधी चर्चा की। उन्होंने गौरव स्थल निरीक्षण कर उसके उन्नयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव ने गौरव स्थल का जायजा लेकर उसके उन्नयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने टूटे मार्बल की जगह नया मार्बल लगाने, रेलिंग मरम्मत करने तथा मार्बल में पालिस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के नाम एवं परिचय को पुनः रंग-रोगन कर उभारा जाए तथा फ्लोर की पेंटिंग की जाए। उन्होंने गौरव स्थल की सफाई के अलावा प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जयस्तंभ चौक के तिरंगा झंडा को गौरव स्थल में शिफ्ट कर लगाया जाए। गौरव स्थल हमारे शहीदों की याद दिलाती है। इसका देख-रेख एवं उचित रख-रखाव हमारी महती जवाबदारी है। निरीक्षण के दौरान यूके रामटेके, प्रणय मेश्राम, सुषमा साहू, तिलक राज ध्रुव, राजेश मिश्रा सहित तकनीकी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।



### व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी

महापौर ने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से परिसर की सभी खुली स्थल को घेरा करना है। उन्होंने परिसर में आवश्यक मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। संबंधित अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की परेशानी व कमी पर उच्च अधिकारी को अवगत कराकर समाधान करें। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड सार्वजनिक एवं महत्वपूर्ण स्थल है, यहां की व्यवस्था को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।

### कंडम बसों को हटाने विभाग को पत्र

महापौर श्री यादव आकस्मिक रूप से बस स्टैंड पहुंच व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बस स्टैंड की समस्या के संबंध में दुकानदारों व चालक, परिचालक से चर्चा की। बस स्टैंड में मरम्मत करने तथा कंडम बस को हटाने की मांग की गई। महापौर ने निगम के अधिकारियों से कहा कि सर्वप्रथम कंडम खड़ी बसों को हटाने परिवहन विभाग को पत्र लिखा जाए। इसके अलावा परिसर एवं उसके आसपास व्यापक साफ-सफाई कराने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड सार्वजनिक स्थल है, यहां नियमित रूप से साफ-सफाई हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# बालिकाओं को लगाया जा रहा एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से बेटियों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में बालिकाओं को एचपीव्ही विशेष टीकाकरण अभियान के तहत टीका लगाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की 14 से 15 आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीव्ही टीका लगाया जाएगा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करने तथा अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कर अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है।




छुरिया के ग्राम भर्रीटोला की राधिका चंद्रवंशी ने कहा कि गांव में भारत सरकार द्वारा एचपीवी टीकाकरण के लिए अभियान चलाया गया है।

### अपनी बेटी को टीका अवश्य लगवाएं : गीता

चिचोला की गीता सिन्हा ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी भावना सिन्हा को 14 वर्ष पूर्ण होने पर एचपीवी टीका लगवाया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से जानकारी मिली कि बालिकाओं को गर्भाशय कैंसर जैसी बीमारी से सुरक्षा के लिए एचपीवी टीका लगवाया जा रहा है, तब उन्होंने अपनी बिटियां को एचपीवी टीका लगवाया। उन्होंने निःशुल्क एचपीवी टीका लगने पर खुशी जाहिर किया तथा सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि 14 वर्ष पूर्ण होने पर अपनी बेटी को एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं।

### बेटी की जिंदगी को किया सुरक्षित : निशत

छुरिया की निशत बेगम ने बताया कि मितानिन से जानकारी मिली कि सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। यह सुनकर वे अपनी 14 वर्षीय बेटी जासमीन खान को तुरंत हॉस्पिटल ले गई। उन्होंने बीमारी से बचाव के लिए टीका लगाकर अपनी बेटी की जिंदगी को सुरक्षित कर लिया। इस गंभीर बीमारी से मृत्यु तक हो जाती है। इलाज में लाखों खर्च हो जाते है। छुरिया के ग्राम बापूटोला निवासी भुनेश्वरी साहू ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अपनी बेटी भूमिका साहू का एचपीवी टीका लगवाया है। उन्होंने इस टीकाकरण अभियान के लिए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गायत्री विद्यापीठ को मिला कांस्य पदक

**राजनांदगांव।** कोलकाता में आयोजित सीबीएसई जोनल योगासन मीट 2026 में गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 रिदमिक पेयर वर्ग में कक्षा छठवीं के छात्र तनिष्क श्रीवास्तव एवं गुरवेन्द्र साहू ने शानदार योग कौशल का प्रदर्शन करते तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इस सफलता के पीछे विद्यालय की योग शिक्षिका भारती साहू का विशेष मार्गदर्शन एवं सतत प्रशिक्षण रहा। उनके निर्देशन और विद्यार्थियों के नियमित अभ्यास ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। विद्यालय के प्राचार्य अंकित व्यास ने दोनों विद्यार्थियों एवं योग शिक्षिका भारती साहू को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। क्रीडा अधिकारी अखिलेश मिश्रा द्वारा भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सागर चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, मनोज चितलांग्या, अमित उत्तलवार, अंकित व्यास, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## हटाए गए एसएनसीयू प्रभारी चिकित्सक

■ स्टाफ नर्स से दुर्व्यवहार का मामला

**राजनांदगांव।** बीते दिनों जिला चिकित्सालय के 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में संचालित एसएनसीयू विभाग में कार्यरत स्टाफ नर्सों से विभाग प्रभारी डॉक्टर द्वारा दुर्व्यवहार का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर चिकित्सक पर कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद मामले की जांच करते सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद ने एसएनसीयू विभाग के प्रभारी चिकित्सक डॉ. विकम बैद को तत्काल प्रभाव से भारमुक्त कर दिया है। वहीं उनके स्थान पर डॉ. कमलेश जंघेल शिशुरोग विशेषज्ञ को आगामी आदेश तक एसएनसीयू विभाग का कार्यभार सौंपा गया है।

## विकास कार्य के लिए किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** जनकल्याण और समग्र विकास के संकल्प को साकार करते छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड विकास के लिए स्वीकृत राशि से वार्ड नं. 1 में लगभग 35 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराने महापौर मधुसूदन यादव ने पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। यह कार्य वार्डवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कारगिल के अमर शहीदों को पूर्व सैनिकों ने किया नमन

**राजनांदगांव।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष गोवर्धन शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खेमचंद निषाद के नेतृत्व में रायपुर, दुर्ग, पाटन, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, धमतरी, कांकेर, जगदलपुर (बस्तर), अंबिकापुर (सरगुजा) सहित विभिन्न जिलों में श्रद्धांजलि सभाएं, सम्मान समारोह और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



कार्यक्रमों में पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर कारगिल के वीर शहीदों के अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत भव्य बाइक रैलियां, देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पूर्व सैनिकों एवं शहीद परिवारों का सम्मान, श्रद्धांजलि सभाएं तथा राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता को समर्पित जनजागरूकता अभियान चलाए गए। इन आयोजनों में युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। जिससे नई पीढ़ी में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक सैन्य विजय का प्रतीक नहीं है, बल्कि उन अमर वीरों के शौर्य, त्याग और समर्पण को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम के समापन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सभी जिला इकाइयों, पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों, कार्यकर्ताओं, सहयोगी संस्थाओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया।

## प्रदेश के सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने किया सहकारिता मंत्री कश्यप से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंत्रालय महानदी भवन में 28 जुलाई को प्रदेश के सहकारी बैंकों के अध्यक्षों द्वारा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर केदारनाथ गुप्ता अध्यक्ष अपेक्स बैंक रायपुर, निरंजन सिन्हा अध्यक्ष रायपुर, प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष दुर्ग, सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष राजनांदगांव, दिनेश कश्यप अध्यक्ष जगदलपुर, रजनीश सिंह अध्यक्ष बिलासपुर, आर. प्रसन्ना सचिव सहकारिता, रमेश शर्मा पंजीयक सहकारी संस्थाएं छग, युगल किशोर वर्मा महाप्रबंधक अपेक्स बैंक रायपुर उपस्थित रहे।

प्रदेश के सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने सहकारी समितियों एवं बैंकों के कार्य संचालन जैसे लंबित मुद्दों पर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया गया। जिसमें बैंक के रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति, समिति स्तर के कर्मचारियों का उसी विकासखंड के अंतर्गत स्थानांतरण की कार्रवाई, उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में बैंक के कालातीत ऋणों की वसूली हेतु बैंक में एकमुश्त समझौता योजना लागू करने, अनुकम्पा नियुक्ति हेतु पदों का बंधन शिथिल करने, कर्मचारियों के भत्ता / एक्सग्रेसिया भुगतान संबंधी मांगों पर विचार करने जैसे बिंदु शामिल थे। सहकारिता मंत्री द्वारा उक्त मुद्दों पर सार्थक पहल करते निराकरण कराए जाने आश्वस्त किया गया। बैठक में सचिव सहकारिता द्वारा सहकारिता को मजबूत बनाने पारदर्शिता अपनाना, डिजिटल तकनीक का उपयोग करना और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इन उपायों से सहकारी संस्थाएं आर्थिक रूप से सशक्त और जवाबदेह बनती है। श्री शर्मा पंजीयक ने सभी सहकारी समितियों का डिजिटल आधुनिकीकरण और कम्प्यूटरीकरण पर विशेष ध्यान देने एवं मॉनिटरिंग का सुझाव दिया जाए। ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ा जाए। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ सहकारी संस्थाओं के जरिये दिया जाता है। आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा दिया जाए। उत्पादों की बेहतर विपणन (मार्केटिंग) और भंडारण की व्यवस्था हो।



### कार्य वृद्धि के दिए निर्देश

सहकारिता मंत्री श्री कश्यप द्वारा अमित शाह भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के सोच अनुरूप सहकारी से समृद्धि अंतर्गत पैक्स समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं की समीक्षा किया गया। सहकारी आंदोलन की प्रगति एवं प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के मजबूती पर विस्तृत चर्चा करते पैक्स समितियों की पहलों, उपलब्धियों एवं योगदान एवं प्रदेश के पैक्स समितियों, दुग्ध समितियों, मत्स्य समितियों, बुनकर सहकारी समितियों व अन्य सहकारी समितियों के कार्य-व्यवसाय के वृद्धि पर निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर ने दिए त्रुटिरहित सर्वे के निर्देश

# डिजिटल क्रॉप सर्वे तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे के सफल संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि जिले में 17 अगस्त से 30 सितंबर तक डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जाएगा। यह कार्य पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित किया जाए, ताकि किसानों की फसल संबंधी जानकारी का सही एवं प्रमाणिक डिजिटल अभिलेख तैयार हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना के लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित किए जाएं, ताकि जिले में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए सभी राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमले को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी उपस्थित थे।

### सावधानीपूर्वक करें फसल का सत्यापन

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक खेत एवं फसल की जानकारी का सत्यापन सावधानीपूर्वक करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों के पंजीयन एवं संबंधित कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को इस पहल के लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्राचार्यों शिक्षकों को किया सम्मानित



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के प्राचार्यों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं के चयन के लिए नियमित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगांव एवं हायर सेकंडरी स्कूल पारागांवखुर्द के प्राचार्यों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में युवाओं के चयन में विशेष प्रयास भूमिका निभाने वाले शिक्षक थंगेश्वर साहू एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम विद्यालय राजनांदगांव के व्याख्याता लेखा साहू को सम्मानित किया। शिक्षक थंगेश्वर साहू के विशेष प्रयासों से 3 युवाओं का अग्निवीर तथा व्याख्याता लेखा साहू के विशेष प्रयासों से 3 बच्चों का नीट में चयन हुआ है। इसके साथ ही ऑनलाइन कक्षाओं में अपनी सेवाएं देने वाले व्याख्याता सोहन निषाद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## सार समाचार

### अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक 30 को

**राजनांदगांव।** नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति राजनांदगांव की 17वीं अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे श्री राजवाड़ा होटल राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख को उपस्थित होने कहा गया है।

### नगर सैनिक उत्तम को मिलेगा राष्ट्रीय पदक

**राजनांदगांव।** ग्राम रवेली निवासी 58 वर्षीय नगर सैनिक उत्तम कुमार साहू का चयन भारत सरकार द्वारा घोषित गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक के लिए हुआ है। उन्हें यह पदक राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस परेड समोराह 2026 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों प्राप्त होगा। नगर सेना अनिशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय रायपुर के अतिरिक्त प्रधान सेनानी द्वारा जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी को गत 21 जुलाई को जारी पत्र के अनुसार गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा का पुरस्कार राजनांदगांव के नगर सैनिक नायक उत्तम कुमार साहू को और रायपुर के नगर सैनिक लांस नायक जगेश्वर कुमार धीवर को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस परेड 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों वितरण किया जाना प्रस्तावित है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह पदक विगत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा घोषित है।

### अग्निवीर के लिए 37 युवा हुए चयनित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए जेईई, नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि इस वर्ष प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा में जिले के 91 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। वहीं अग्निवीर भर्ती में भी जिले के 37 युवाओं का चयन हुआ है। इस वर्ष भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु ऑनलाइन कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। वहीं कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों के लिए यू-ट्यूब लिंक के माध्यम से नियमित ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही है। इसके अलावा जेईई, नीट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों एवं युवाओं को मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को विशेष ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

### अंकालू बने जिला साहू संघ के जिला प्रचार सचिव



**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ की नवगठित जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू को जिला प्रचार सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है। अंकालू ने इस दायित्व के लिए जिला साहू संघ के संरक्षक भागवत साहू, नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नोबल साहू तथा जिला महामंत्री नीलमणि साहू सहित समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

### अग्रसेन भवन में आज गुरुपूर्णिमा महोत्सव



**राजनांदगांव।** आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्री अग्रसेन भवन में कल 29 जुलाई को आयोजित किया गया है। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया एवं राकेश लोहिया द्वारा बताया गया कि संस्कारधानी नगरी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष में पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का पूजन स्थानीय शिष्यों द्वारा अग्रसेन भवन में कल 29 जुलाई को सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया है।

### स्कूल की हॉकी टीम बनी उपविजेता

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के अंडर-14 बालकों की हॉकी टीम ने ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ में आयोजित सीबीएसई फार ईस्ट जोन हॉकी चैम्पियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 20 से 23 जुलाई तक आयोजित की गई। विद्यालय की टीम ने इस प्रतियोगिता में पहली बार भाग लिया और पहली ही बार में उपविजेता बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कोच सौरभ कुमार श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी पीवेद सिन्हा, वासु साहू, केशराज साहू, सतीश कुमार मंडावी, कृष्णा कंवर, देवकुमार, अनिश तेलाम, खिलेश कुमार ध्रुवे, हरयांश कुमार दीवान, मोक्ष राज नागेश, मोहित कुमार सोना, शैलेष वेलादी, रुद्रप्रताप मंडावी, सार्थक गुप्ता, प्रियांशु राभा, वैभव देहरी, कनिष्क साहू एवं दिव्यांशु अदिले शामिल थे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधकगण अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल, ऊहा अग्रवाल, प्राचार्य रेखा तिवारी एवं विद्यालय परिवार ने टीम और कोच को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों की लगन और कोच की कड़ी मेहनत से ही यह सफलता संभव हुई है।



### शासकीय घास भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में जिले में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम रीवागहन स्थित शासकीय घास भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रीवागहन निवासी संजय वर्मा द्वारा शासकीय घास भूमि पर टीन शेड का निर्माण कर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। राजस्व विभाग की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### निकाली गई भव्य गौ सम्मान शोभायात्रा



**राजनांदगांव।** राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत राजनांदगांव में भव्य गौ सम्मान शोभायात्रा निकाली गई। गौ सम्मान शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा जीई रोड, अम्बेडकर चौक होते हुए जिला कार्यालय पहुंची, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अभियान अंतर्गत एकत्रित लगभग 3.50 लाख से अधिक हस्ताक्षरों के साथ गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने तथा केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा गया।शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, गौ महिमा एवं गौमाता की उपयोगिता पर आधारित पोस्टर, बैनर तथा जनजागरण संदेशों के माध्यम से नागरिकों को गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के प्रति जागरूक किया गया।

# दादा गुरुदेव के स्वर्गारोहण महोत्सव में गूंजा गुरु इकतीसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में 25 जुलाई को जैन समाज के प्रथम दादा गुरुदेव श्रीमद् जिनदत्त सूरी का स्वर्गारोहण महोत्सव संपन्न हुआ। दिनभर चले विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सामाजिकजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दादा गुरुदेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

महोत्सव का शुभारंभ सुबह 7 बजे ओसवाल लाइन स्थित दादाबाड़ी परिसर में गुरु इकतीसे के पाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पाठ समापन उपरांत छह प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। तत्पश्चात महाआरती एवं मंगल दीपक की बोली लगाई गई। जिसका धर्म लाभ क्रमशः बाबूलाल नखत एवं पंकज कोठारी ने प्राप्त किया। आरती उपरांत नेमभवन में श्रद्धालुओं के लिए नवकारसी (अल्पाहार) की व्यवस्था की गई थी। जिसके लाभार्थी प्रसन्न गोलछा रहे।

#### विशिष्टजनों का सम्मान

महोत्सव की अंतिम एवं मुख्य आकर्षण की कड़ी में रात्रि 7 से 11 बजे तक संगीतमय गुरु भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। इस आयोजन में क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भजन गायक राहुल झाबक ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। दादा गुरूदेव के स्वर्गारोण कार्यक्रम के अंत में दादा जिनदत्त सूरी संघ के पदाधिकारियों द्वारा गायक राहुल झाबक का अभिनंदन व सम्मान किया गया। साथ ही आयंबिल भवन में लंबे समय से अनवरत निष्काम सेवा देने के लिए श्रीमती राजोबाई बोथरा को भी सम्मानित किया गया।



#### सदस्यों का रहा सराहनीय योगदान

इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में दादा जिनदत्त सूरी संघ के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। संघ के सुरेश ललवानी, मनोज झाबक, प्रकाश ललवानी, सुशील छाजेड़, लूणकरण चोरड़िया, नंदू नखत, गौतम नखत, भव्य शाह, फ़ानेन्द्र बैद, प्रसन्न गोलछा, रमेश बैद, विकास दुगड़, मनीष कोठारी, मनीष भंसाली, कल्पेश शाह एवं आकाश ओस्तवाल सहित जैन समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने सहभागिता निभाई।

#### महापूजा एवं गुरुप्रसादी

अगली कड़ी में पूज्य संतों की पावन निश्रा में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। संतों ने अपने प्रवचन में दादा जिनदत्त सूरी के जीवन, उनकी साधना, जैन धर्म के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान और उनकी दिव्य शक्तियों का स्मरण कराया। प्रवचन बाद दादा गुरुदेव की अष्टप्रकारी महापूजा प्रारंभ हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर पूजा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए भव्य गुरुप्रसादी का आयोजनया, जिसके लाभार्थी धनराज छाजेड़ थे।

## कलेक्टर ने टीएल की बैठक में की विभागीय कामों की समीक्षा

# अभियानः हफ्तेभर में निपटे राजस्व के सात सौ से भी अधिक प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076, जन शिकायतों, सुशासन तिहार, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का जिम्मेदारीपूर्वक और संतोषजनक निराकरण किया जाना अनिवार्य है तथा इसकी नियमित ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी की जाए। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने तथा शासकीय भूमि का उपयोग जनहित एवं शासकीय कार्यों के लिए सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



#### प्रकरणों के निराकरण में तेजी

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग द्वारा पिछले एक सप्ताह में 700 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता एवं शुद्धतापूर्वक संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 31 जुलाई 2026 को श्रम विभाग के पंजीकृत हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने खाद्य विभाग को समितियों के खाता मिलान का कार्य शुद्धतापूर्वक करने के निर्देश दिए।

#### खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता

कलेक्टर ने जिले में खाद-बीज की उपलब्धता, वितरण एवं भंडारण की समीक्षा करते हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्रीस्टैक पंजीयन की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने कहा। जिले में अब तक 1 लाख 48 हजार से अधिक किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन किया जा चुका है।

#### 1300 घरों का बिल शून्य

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह योजना आम नागरिकों के बिजली व्यय में कमी लाने वाली महत्वपूर्ण पहल है। जिले में अब तक 4 हजार 367 हितग्राहियों के यहां सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं तथा योजना से लाभान्वित होकर 1300 से अधिक घरों का बिजली बिल शून्य हो गया है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

#### स्वास्थ्य महकमे की समीक्षा

कलेक्टर ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्क्रीनिंग, समय पर सोनोग्राफी, उपचार, आवश्यक दवाइयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित मोबाइल आधारित मॉनिटरिंग करने कहा।

### मोटर साइकिल में गांजा ले जाते दो पकड़े गए



**जालबांधा।** बाइक की डिक्की में अवैध रूप से गांजा रखकर परिवहन किए जाने के मामले में जालबांधा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से 489 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 27 जुलाई को पुलिस चौकी जालबांधा की टीम ने मुखबीर की सूचना पर रवि सिंहा ठेला के पास घेराबंदी कर मोटर साइकिल से गांजा परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपियों प्रदीप सिंहा 19 वर्ष ग्राम मंडराकुही व रितेश सिंह उम्र 21 वर्ष ग्राम सलोनी के कब्जे से मोटर साइकिल पल्सर की डिग्गी में हरे रंग की पॉलीथिन में रखा 489 ग्राम गांजा अनुमानित मूल्य 5,000 रुपए बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं 2 नग मोबाइल फोन जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस चौकी जालबांधा में अपराध अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# संत रविदास की जयंती पर समरसता अभियान आज से

- संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर भाजपा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने विचारों से संपूर्ण जगत में सामाजिक समरसता व एकात्मता का संदेश देने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर भाजपा पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान घर-घर तिरंगा अभियान भी चलेगा।

संत शिरोमणी रविदास समरसता संकल्प अभियान को लेकर स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में जिला संगठन प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया कि 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक देशभर में समरसता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई से अभियान की शुरूआत संत शिरोमणि रविदास की जन्मस्थली वाराणसी से होगी। इस अभियान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीति नवीन और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।




#### 51 हजार स्थलीय पर दीप प्रज्जवलन

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत शिरोमणि रविदास की 51 हजार से अधिक स्थलों देर शाम दीपोत्सव मनाया जाएगा, जहां सभी जगहों में 11000 से अधिक दीप प्रज्जवलित होंगे। समरसता संकल्प अभियान की शुरूआत के मौके पर देशभर से पहुंचे प्रतिनिधि यहां से कलश लेकर अपने-अपने प्रांतों में जाएंगे।

#### अभियान के दौरान होंगे विभिन्न आयोजन

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि संत शिरोमणि रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें इस पूरे अभियान के दौरान विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, तरुण लहरवानी, अमर लालवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

### झुराडबरी के अवैध कब्जाधारियों का नाम करें सार्वजनिकः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झुराडबरी क्षेत्र के 33 एकड़ जमीन कब्जा करने वालों का नाम एसडीएम सार्वजानिक क्यों नहीं करते? उन्होंने कलेक्टर से इसका खुलासा करने की मांग की।

श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर जितेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि जिस तरह राजनांदगांव जिले के अंतर्गत झुराडबरी क्षेत्र में लगभग 33 एकड़ शासकीय जमीन को अवैध कब्जा मुक्त करवाने का समाचार पत्रों में एसडीएम गौतम पाटिल द्वारा कार्रवाई का जो खुलासा शासकीय भूमि खसरा नं. 672 (पहाड़ चट्टान) की 13.354 हे. (करीब 32.97) एकड़ भूमि की अवैध प्लॉटिंग की तैयारी चल रही थी।

इसके लिए पहाड़ को काटकर मशीनों से कच्चा रास्ता भी बना दिया गया और कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर एसडीएम गौतम पाटिल द्वारा राजस्व विभाग सहित पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंच जेसीबी से पहाड़ काटकर कच्चे रास्ते को ध्वस्त किया गया। शासकीय नाले पर भी अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई की गई, लेकिन एसडीएम गौतम पाटिल द्वारा भू-माफियाओं का नाम सार्वजानिक क्यों नहीं किया गया।

# ट्रैक्टर बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश, 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रैक्टरों के बैटरी चोरी होने के मामले की जांच करते पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाले एवं चोरी की बैटरी खरीदने वाले कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 12 ट्रैक्टरों की बैटरियां, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, मोबाइल एवं नगद राशि बरामद की गई है।

तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी परमेन्द्र कुमार ग्राम सांगिनकछार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 21-22 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोरों ने सड़क किनारे खड़े उनके महिन्द्रा ट्रैक्टर एवं समीप खड़े अन्य ट्रैक्टर से बैटरियां चोरी कर ली थी। चोरी गई दोनों बैटरियों की अनुमानित कीमत लगभग 16,000 रुपए थी। रिपोर्ट पर पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई।

#### कोठारों में खड़ी ट्रैक्टरों से चोरी



इस मामले में एएसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबीर सूचना एवं गवाहों के कथनों के आधार पर चोरी की बैटरियों की खरीद-बिक्री की पूरी श्रृंखला का खुलासा किया। विवेचना में पता चला कि चोरी की गई बैटरियां चिचोला निवासी अजहर खान द्वारा खरीदी गई थी। पूछताछ में उसने बैटरियां सुजीत देवार एवं सुकत देवार से खरीदना स्वीकार किया। दोनों से पूछताछ करने पर बैटरियां भीखमराम यादव एवं गणेशराम साहू द्वारा बेचना स्वीकार किया गया।गहन पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग तिथियों में तिलईरवार, विचारपुर नवागांव, सांगिनकछार, भंडारपुर (डोंगरगढ़), मेढ़ा, पटपर (चिचोला) एवं धौराभाठा सहित विभिन्न ग्रामों में सड़क किनारे एवं कोठारों में खड़ी ट्रैक्टरों से कुल 12 ट्रैक्टर बैटरियां कीमती 96000 रुपए की चोरी की थी।

#### पुलिस ने जब्त की बैटरियां

आरोपियों ने चोरी की गई 10 बैटरियां करण मरकाम के माध्यम से नईम खान तथा 2 बैटरियां सुजीत एवं सुकत को बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते विभिन्न आरोपियों के कब्जे से 12 ट्रैक्टर बैटरियां, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, मोबाइल फोन एवं बिक्री से प्राप्त नगद 8000 रुपए बरामद कर विधिवत जब्त की। 28 जुलाई को सभी आरोपियों भीखमराम यादव 26 वर्ष दिवानभेड़ी, गणेशराम साहू 40 वर्ष जरवाही, करण मरकाम 26 वर्ष बिजेभाठा, नईम खान 39 वर्ष जिला मेरठ (उप्र) वर्तमान पता हमालपारा राजनांदगांव, सुजीत 23 वर्ष ग्राम बाबुटोला, सुकत 19 वर्ष साकिन ग्राम बाबुटोला व अजहर खान 32 वर्ष ग्राम चिचोला आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

## जिलेभर में आयोजन की विविध तैयारियां

# गुरु पूर्णिमा आज, होंगे कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल है। श्री सांई दरबार उपासना भवन साधु चाल तुलसीपुर में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई जाएगी।

इस मौके पर चुनिंदा गायक व कलाकारों के माध्यम से श्री सांई भजन प्रस्तुति देंगे। श्री सांई दरबार में सुबह 9 बजे श्री सांई, मां काली, मां दुर्गा, श्री गणेशजी का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती की जाएगी। शाम 7 बजे संदल यात्रा एवं रात्रि महाआरती आयोजित है। रात्रि साढ़े 8 बजे से हरि सत्संग भजन मंडल द्वारा एक शाम सांई के नाम प्रस्तुति की जाएगी।

#### पेंड्री

सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में कल 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के वयोवृद्ध गादिपति मंहत सेवादास साहेब की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

#### पार्रीनाला

श्रीराम धाम अयोध्या पार्रीनाला समीप जीई रोड में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रामधुन भजन-कीर्तन, सीताराम बैंक की स्थापना पश्चात रखा गया है। सुबह 11 से सायं 3 बजे तक रामधुन भजन-कीर्तन किया जाएगा। इस अवसर पर राम नाम लिखने की इच्छा रखने वाले भक्तों को रामनाम पत्रक भी दिया जाएगा। हवन-पूजन पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।


#### जंगलपुर

ग्राम जंगलपुर में कल 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे। धर्म उपदेश, गुरूपूजन, हवन पूजन, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रहेगा। मुख्य व्यवस्थापक किशोर साहू एवं समस्त शिष्य परिवार ग्राम जंगलपुर सभी प्रेमीजनों से कार्यक्रम का लाभ उठाने अपील की।

#### डोंगरगढ़

शिष्य परिवार एवं श्री हनुमंत सेवा संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन मां बम्लेश्वरी मंदिर मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। जिसमें भागवत कथा वाचक तिलेन्द्र महाराज का स्वागत एवं 12 बजे गुरु चरण पादुका पूजन, 2 बजे गुरु दीक्षा गुरु जी के आशीर्वचन लेने का लाभ मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में भक्तों से शामिल होने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत कवर्धा में समीक्षा बैठक आयोजित

**कवर्धा।** । जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय स्थायी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती सुमित्रा पटेल ने की। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय प्रबंधन एवं मैदानी स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा करते हुए योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में स्थायी समिति की सदस्य उपस्थित रही

# बाबा बुढ़ा महादेव से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा को लेकर नपा की बैठक

■ कवर्धा की सुख-समृद्धि के लिए 03 अगस्त को निकलेगी शिवभक्तों की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बुढ़ामहोदव मंदिर से लेकर भारमदेव मंदिर तक प्रथम सोमवार को होने वाले पदयात्रा को लेकर मातृशक्तियों के साथ बैठक कर पदयात्रा में शामिल होने को आव्हान किया।

उन्होनें अधिकारियों को भी भोरमदेव पदयात्रा मार्ग की आवश्यक साफ-सफाई के साथ-साथ मंदिर परिसर की साफ-सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया है नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व समस्त पार्षदों द्वारा भोरमदेव पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जोर शोर से तैयारी की जा रही है। कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र बाबा भोरमदेव मंदिर में सावन महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 03 अगस्त को सावन माह की पहली सोमवार को निकलने वाले भोरमदेव पदयात्रा की तैयारी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भाजपा जिला महिला मोर्चा, भाजपा महिला शहर मंडल की पदाधिकारियों के साथ-साथ कवर्धा शहर की मातृशक्ति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिनों, महिला मण्डली एवं महिला समूह के दीदीयों के साथ बैठक की गई।

कबीरधाम जिले के बाबा भोरमदेव मंदिर में सावन महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। बैठक में महत्तवपूर्ण विषयों पर चर्चा कर पदयात्रा को सफल बनाने हेतु सभी से अनुरोध किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने चर्चा करते हुए सभी को अवगत कराया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भोरमदेव पदयात्रा को भव्य और दिव्य बनाने हेतु आप सभी अपने-अपने वार्डो के महिलाओं व अन्य श्रद्वालुओंजनों से संपर्क कर भोरमदेव पदयात्रा में शामिल होने हेतु आमंत्रित करें।




### भक्तिभाव के साथ शामिल होवें पदयात्रा में

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि हमारे अराध्य बाबा बुढ़ामहादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा में शामिल होकर अपने व अपने परिवार के साथ-साथ पूरे कवर्धा शहर की खुशहाली के लिए कामना करेगें। इस आयोजन को हम सभी को मिलकर करना है हम सबके प्रयास से ही पदयात्रा कार्यक्रम में आध्यमिक व भक्तिभाव का माहौल रहेगा। भक्तिभाव के साथ शामिल होने से हम सबकी मनोकामना भी पूरी होगी।

### मां नर्मदा मैया के जल से होगा महाअभिषेक

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पावन श्रावण मास के शुभ अवसर पर बाबा बुढ़ामहादेव मंदिर से भगवान भोरमदेव मंदिर तक आयोजित पदयात्रा में शामिल होकर मैं अपने एवं अपने परिवार के साथ-साथ समस्त कवर्धा शहर की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना करूंगा। इस पावन अवसर पर अमरकंटक से मां नर्मदा मैया के पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर समस्त नगरवासियों के सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना की जाएगी। सभी पदयात्रियों को हम सभी कवर्धावासी एक होकर, आइए, धर्म, आस्था और भक्ति की इस पावन पदयात्रा में सहभागी बनकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।

पूजा: भोरमदेव में महाचतुर शुद्धि सहस्र कलशम् दुर्लभ वैदिक एवं शैव आगम अनुष्ठान

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भोरमदेव धाम में सपत्नीक विधि विधान से की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सपत्नीक श्रीमती कौशल्या साय के साथ विश्वप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर की परिक्रमा कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पंच दिवसीय महा चतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम् महाअनुष्ठान में भी सम्मिलित हुए और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर प्रदेश की उन्नति, सामाजिक सद्भाव और लोकमंगल की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भोरमदेव छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का गौरवशाली प्रतीक है।

ऐसे महाअनुष्ठान हमारी प्राचीन वैदिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और लोककल्याण की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आगामी 30 जुलाई से भगवान शिव की आराधना का पावन श्रावण मास प्रारंभ होने जा रहा है। पिछले दो वर्षों से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ भोरमदेव धाम पहुंचने वाले कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत करने का सौभाग्य मिला है।



### श्री महादिव्य देशम फाउंडेशन का आयोजन

उल्लेखनीय है कि श्री महादिव्य देशम फाउंडेशन के तत्वावधान में 25 जुलाई से प्रारंभ यह पंच दिवसीय महाअनुष्ठान कबीरधाम सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक कल्याण की भावना से आयोजित किया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रमुख राजीव राकुल स्वामी (केरल) के अनुसार यह अनुष्ठान प्राण-प्रतिष्ठित मंदिरों के शुद्धिकरण एवं दिव्य ऊर्जा के पुनर्संचार की प्राचीन वैदिक परंपरा पर आधारित है, जिसे भगवान परशुराम स्रोतम तथा आगम शास्त्रों में वर्णित विधि-विधान के अनुसार संपन्न कराया जा रहा है।



### संगीत, नृत्य एवं वाद्य अर्चना की प्रस्तुति

शाम को भगवान भोरमदेव के समक्ष विशेष संगीत, नृत्य एवं वाद्य अर्चना प्रस्तुत की गई। केरल के पारंपरिक वाद्ययंत्रों नादस्वरम, चेंडा और मृदंगम की मंगलध्वनि तथा भक्तिमय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियों से पूरा मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में सराबोर हो गया। सनातन परंपरा में संगीत और नृत्य को ईश्वर की उपासना का दिव्य माध्यम माना गया है। भगवान शिव स्वयं नटराज स्वरूप में नृत्य और संगीत के अधिष्ठाता हैं, इसलिए यह अर्चना भक्ति, समर्पण और दिव्य चेतना का विशेष प्रतीक मानी जाती है।

# वरिष्ठता सूची लटकने से टेट शिक्षक नाराज



■ मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

टेट उत्तीर्ण शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नदीम खान, जिला संयोजक रमेश रावत व जिला उपाध्यक्ष लवकेश पांडेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर विकासखंड स्तर पर लंबित वरिष्ठता सूची की दावा-आपत्ति का शीघ्र निराकरण कर संयुक्त संचालक कार्यालय भेजने की मांग की।

बैठक की शुरुआत में पदाधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि टेट शिक्षक लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे हैं और वरिष्ठता सूची में हो रही लापरवाही से उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि कबीरधाम को छोड़कर संभाग के लगभग सभी जिलों से सूची संयुक्त संचालक कार्यालय पहुंच चुकी है, लेकिन संयुक्त संचालक दुर्ग के रिमाइंडर पत्र के 10 दिन बाद भी कबीरधाम में ब्लॉक स्तर पर सूची फाइनल नहीं की गई है। प्रतिनिधिमंडल में टिकेश भट्ट, चिंतामणी राय, छन्नू कौशिक, तारकेश्वर टंडन, ओमप्रकाश बंजारे, रवि किशोर सिन्हा, सुशील मरावी, तुलाराम सागर, कौशल सिंह कश्यप, सुरेंद्र कुमार पटेल, भुनेश्वर भट्ट, तेजराम निषाद, झामन रत्नाकर, घनश्याम बंशे, राघवेंद्र सिन्हा व रोहित कुमार साहू ने बताया कि दावा-आपत्ति के बाद भी शिक्षकों की आपत्तियों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है और विकासखंड कार्यालयों में लिपिक टेट कालम व उच्च योग्यता जोड़ने में लगातार त्रुटियां कर रहे हैं, जिस कारण जिला कार्यालय से सूची कई बार रिवर्ट हो चुकी है। बीच में पदाधिकारियों ने फिर कहा कि इसी लेटलतीफी से उच्च कार्यालय तक सूची पहुंचने में देरी हो रही है और समय पर सूची नहीं भेजी गई तो पदोन्नति में और विलंब होगा, इसलिए सभी ब्लॉकों से संशोधित सूची तुरंत मंगाई जाए।

विभागीय लेटलतीफी पर संघ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए फौरी कार्रवाई के लिए डीईओ को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र अतिशीघ्र सूची भेजने का आग्रह किया। डीईओ ने गंभीरता दिखाते हुए बोड़ला व कवर्धा के बीईओ को तत्काल दावा-आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम सूची जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए।

# 35 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

राज्य शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवड़न खुर्द में अध्ययनरत कक्षा नवमी की 35 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। नई साइकिल और उसकी चाबी प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के बल पर जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य प्रतिनिधि मिथिलेश बंजारे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच अमित चंद्रवंशी, एसएमडीसी अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुरेश चंद्रवंशी ने कहा कि छात्राओं को साइकिल मिलने से घर से स्कूल और स्कूल से घर तक आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी नियमित पढ़ाई में मदद मिलेगी।

# गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत मंगलवार को बड़ी संख्या में सनातन समाज, साधु-संतों एवं गौ सेवकों ने नगर में विशाल रैली निकालकर गौ संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर कलेक्टर परिसर पहुंची, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम सवा लाख लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। अभियान के आयोजकों ने बताया कि इस जनआंदोलन का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना तथा देशभर में गौ हत्या पर प्रभावी और समान कानून लागू कराना है। इसके साथ ही गांवों और कस्बों की गोचर भूमि को अतिक्रमण एवं अन्य बंधनों से मुक्त कराने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। रैली के दौरान गौ सेवकों ने कहा कि सड़कों पर निराश्रित गौवंश के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता की सुरक्षा केवल शासन-प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। सभी नागरिकों को गौ संरक्षण के लिए आगे आकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण, सामाजिक और गैर-राजनीतिक है, जिसे देशभर के सैकड़ों जिलों में एक साथ चलाया जा रहा है।

# संत गुरु रविदास महाराज का समरसता संदेश विकसित भारत का आधार: जसविंदर बग्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को गुरु रविदास महाराज जी के 650 वीं जन्म जयंती पर समरसता संकल्प अभियान, घर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथप्रदर्शक हैं। उनके समता, सामाजिक न्याय, सद्भाव और समरसता के विचार आज भी विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार हैं।

उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 29 जुलाई 2026 आषाढ़ पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 माघ पूर्णिमा तक पूरे देश में समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सेवा, सामाजिक समरसता एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मूल भाव भी संत गुरु रविदास महाराज के विचारों से प्रेरित है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 29 जुलाई को देशभर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें 51 हजार स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके बाद 29 जुलाई से 10 सितंबर तक कलश वंदन अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से वाराणसी स्थित गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पवित्र मिट्टी देशभर के राज्यों, जिलों और मंदिरों तक पहुंचाई जाएगी।

साथ ही 29 जुलाई से 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान, 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डेरा सचखंड बल्लां (जालंधर) से वाराणसी तक गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा तथा 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्रावास संपर्क अभियान आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

श्री बग्गा ने बताया की भाजपा ने अभियान के प्रभावी संचालन के लिए प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर समितियों के गठन तथा मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जनजागरण चलाने की भी घोषणा की। पार्टी ने संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कार्यक्रमों की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि कबीरधाम जिले में भी अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर संत गुरु रविदास महाराज के समरसता एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के सभी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में महामंत्री मुकेश ठाकुर, जिला प्रवक्ता कांशीराम उइके, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे, मीडिया प्रभारी मोहन कश्यप उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## दावा: सर्वे कराकर तीन माह की बिजली खपत का किया गया तुलनात्मक अध्ययन

# भारी विरोध के बीच बिजली कम्पनी का दावा स्मार्ट मीटर से नहीं बढ़ती बिजली की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में बगैर उपभोक्ताओं की सहमति के लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर चल रहे विरोध व धरना प्रदर्शन और घेराव के बीच अब छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी ने सफाई देते हुए दावा किया है कि स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत नहीं बढ़ती, कम्पनी का दावा है कि उसने कवर्धा एवं पंडरिया संभाग में बकायदा एक सर्वे कराया है और इस सर्वे रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है।

लेकिन कम्पनी का दावा जो भी हो बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि अगर स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत नहीं बढ़ती तो फिर उपभोक्ताओं के घरों, दुकानो और खेतों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में कई गुना की वृद्धि कैसे और क्यों हो रही है। अपने सर्वे के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों और अफवाहों के बीच कबीरधाम जिले के कवर्धा एवं पंडरिया संभाग के सभी वितरण केन्द्रों के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित स्मार्ट मीटर की बिजली खपत का तीन माह का तुलनात्मक अध्ययन कराया है।

मई, जून और जुलाई 2026 की खपत के विश्लेषण में यह सामने आया कि अधिकांश उपभोक्ताओं की बिजली खपत जुलाई माह में कम हुई है। कवर्धा शहर क्षेत्र के 10143 घरेलू स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के अध्ययन में 1 जून से 26 जून 2026 के दौरान कुल बिजली खपत लगभग 28.24 लाख यूनिट दर्ज की गई थी, जबकि 1 जुलाई से 26 जुलाई 2026 के दौरान यह घटकर लगभग 23.62 लाख यूनिट रह गई। अर्थात कुल 27 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यदि 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ताओं की बात करें, तो 1 हजार 950 उपभोक्ताओं के बिलों के विश्लेषण से पता चलता है, कि उनकी खपत में लगभग 34.23 प्रतिशत की कमी हुई है। कारण स्पष्ट है, कि खपत का आधार स्मार्ट मीटर नहीं अपितु उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही वास्तविक खपत है।

ऐसे उपभोक्ता जिनके आवासों में स्मार्ट मीटर नहीं लगे थे उनकी खपत में भी माह अप्रैल-मई-जून में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज हुई है। कम्पनी के मुताबिक कबीरधाम जिले के कवर्धा एवं पंडरिया संभाग के चयनित 135 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं जिनकी खपत 400 यूनिट से अधिक थी, के 3 माह के तुलनात्मक अध्ययन में भी जुलाई माह में बिजली की खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।

अध्ययन में जुलाई 2026 में कुल बिजली खपत 33,750 यूनिट रही, जबकि जून 2026 में यह 74,250 यूनिट तथा मई 2026 में 94,500 यूनिट थी। इस प्रकार जुलाई माह में लगभग 45 प्रतिशत की कमी खपत में दर्ज हुई है।





### स्मार्ट मीटर को लेकर जिलेभर में जारी है विरोध प्रदर्शन

यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण भले ही कोई भी दलील और सफाई दे लेकिन हकीकत ये है कि उपभोक्ताओं को कम्पनी के स्मार्ट मीटर जरा भी रास नहीं आ रहे हैं और हाल के दिनो में कम्पनी द्वारा उनके घरों, दुकानों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ता अब उखाड़कर क्षेत्र के विद्युत सब स्टेशनो में लाकर पटक कर रहे हैं। हाल ही में ऐसा ही नजारा जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत विद्युत सब स्टेशन पाण्डातराई में देखने को मिला था। जहां सैकड़ों उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लेकर विरोध प्रदर्शन और विद्युत सब स्टेशन का घेराव करने पहुंचे थे। उपभोक्ताओं का यह विरोध प्रदर्शन पूरे जिले में लगातार जारी है।

### तो फिर क्यों आ रहा है कई गुना अधिक बिजली बिल

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कवर्धा एवं पंडरिया संभाग में सर्वे कराकर तीन माह की बिजली खपत कार तुलनात्मक अध्ययन कराए जाने और स्मार्ट मीटर से बिजली खपत नहीं बढ़ने के दावे के सवाल ने उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर यह सही है तो फिर स्मार्ट मीटर लगने का बाद उपभोक्ताओं का बिजली बिल कई गुना अधिक क्यों आ रहा है। क्या यह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं से जबरदस्ती बिजली बिल के नाम अवैध वसूली का हथकंडा है।

# बैगा समाज की शादी में डीजे पर प्रतिबंधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में बैगा समाज ने सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब शादी-विवाह, छठ्ठी और अन्य सामाजिक आयोजनों में डीजे और शराब का उपयोग नहीं होगा।

समाज के पदाधिकारियों के अनुसार, बढ़ते दिखावे और महंगे आयोजनों के कारण गरीब परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा था। कई लोगों को शादी के खर्च के लिए कर्ज लेना पड़ता था। इसलिए नए नियमों का उद्देश्य परिवारों को आर्थिक संकट से बचाना और सामाजिक संतुलन बनाए रखना है। बैठक में यह भी तय किया गया कि डीजे की जगह पारंपरिक मांदर और नगाड़ा बजाए जाएंगे।

समाज का मानना है कि इससे नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहेगी। बैगा समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि आधुनिकता को अपनाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अपनी पहचान और परंपराओं को छोड़ना उचित नहीं होगा। इसलिए सांस्कृतिक मूल्यों को सुरक्षित रखने के लिए यह पहल की गई है।

बैठक में सभी सदस्यों ने नए सामाजिक नियमों का पालन करने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### दशगात्र व नशामुक्ति के लिए भी बनाए नए नियम

बैठक में मृत्यु संस्कार यानी दशगात्र को लेकर भी नई व्यवस्था लागू की गई। अब किसी परिवार में मृत्यु होने पर प्रत्येक घर से 20 रुपए नकद और एक पैली यानि करीब 4 से 5 किलोग्राम चावल सहयोग के रूप में दिया जाएगा। इससे शोकाकुल परिवार को आर्थिक और सामाजिक सहायता मिल सकेगी। इसके अलावा बैगा समाज ने सभी सामाजिक आयोजनों में शराब परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी निर्णय लिया। समाज का मानना है कि नशे के कारण आर्थिक स्थिति कमजोर होती है और पारिवारिक वातावरण भी प्रभावित होता है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल आज कवर्धा दौरे में



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार, 29 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा जिले पहुंचेंगे। जारी अधिकृत कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 11 बजे भिलाई स्थित अपने निवास से सड़क मार्ग द्वारा रवाना होंगे। कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के युवा नेता चोवाराम साहू ने बताया कि पूर्व सीएम श्री बघेल का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1.30 बजे कवर्धा शहर के शंकर नगर स्थित विनायक पब्लिक स्कूल के पास आगमन होगा, जहां वे आरक्षित कार्यक्रम के तहत दीपक ठाकुर निवास पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 1.40 बजे वे सड़क मार्ग से पंडरिया विकासखंड के ग्राम माकरी कुण्डा के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2.40 बजे ग्राम माकरी पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री राजेश शुक्ला के निवास में आयोजित श्रद्धांजली कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां निर्धारित कार्यक्रम के उपरांत वे दोपहर 2.50 बजे बेमेतरा जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चतुर्थ सेमेस्टर की प्रोजेक्ट वाइवा 24 और 25 को

**कवर्धा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (ओपन) विवि बिलासपुर ने एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट वाइवा की तारीख घोषित की है। प्रोजेक्ट वाइवा 24 व 25 अगस्त सुबह 10 से शाम 5:30 बजे विवि के शिक्षण अकादमिक भवन में होगी। शेड्यूल विवि की वेबसाइट में अपलोड है।

# वेतन कटौती के फरमान से शिक्षकों में भारी आक्रोश

## बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति की मांग

- तकनीकी खामियों के बीच वेतन कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सीजी वीएसके ऐप के जरिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने और कम उपस्थिति के आधार पर वेतन काटने के हालिया आदेश का कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन ने इसे पूरी तरह से अनुचित और तुगलकी फरमान करार देते हुए शासन-प्रशासन से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी का कहना है कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में वीएसके ऐप में गंभीर तकनीकी त्रुटियां आ रही हैं, जिसके कारण शिक्षकों की सही उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रहा है। ऐप में लोकेशन ट्रेसिंग, दूरी की सटीकता और नेटवर्क कनेक्टिविटी से जुड़ी कई व्यवहारिक समस्याएं बना हुआ है।

खामियों की वजह से जो शिक्षक समय से पहले स्कूल पहुंच रहे हैं, उनकी उपस्थिति भी ऐप में समय पर दर्ज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में ऐप की तकनीकी गड़बड़ियों को सुधारे बिना और भौतिक उपस्थिति रजिस्टर का सत्यापन किए बगैर वेतन रोकना न्यायसंगत नहीं है। एसोसिएशन ने सवाल उठाया है कि प्रशासन स्पष्ट करे कि क्या अब स्कूलों में ऑफलाइन उपस्थिति पंजी की अनिवार्यता समाप्त कर दिया गया है? सुरक्षा और डेटा हैक होने के खतरों के बावजूद प्रदेश भर के अधिकांश शिक्षकों ने अपने निजी मोबाइल में यह ऐप डाउनलोड किया है। इसके बावजूद शिक्षकों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने स्पष्ट किया कि शिक्षक ऑनलाइन या बायोमेट्रिक अटेंडेंस का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि बिना तैयारी और जबरन थोपे गए इस दमनकारी आदेश का विरोध कर रहे हैं। संघ की मांग है कि राज्य के सभी स्कूलों में बायोमेट्रिक मशीनें लगाई जाएं और उसी के जरिए उपस्थिति दर्ज किया जावे।

आज भी प्रदेश के सैकड़ों दूरस्थ और ग्रामीण स्कूलों में नेटवर्क की भारी समस्या है, जहां वीएसके ऐप ठीक से काम नहीं कर रहा है। जब शासन ने ऐसे नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली का विकल्प चुना है, तो यही व्यवस्था पूरे प्रदेश के सभी स्कूलों के लिए लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? वर्तमान स्थिति में सभी शासकीय स्कूलों में संस्था प्रमुख की देखरेख में शिक्षक प्रतिदिन उपस्थिति रजिस्टर में समय पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

### तानाशाही रवैये पर तत्काल रोक की मांग

एक तरफ जहां भौतिक रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज है, वहीं दूसरी तरफ ऐप की खामियों के कारण उन्हें अनुपस्थित दिखाया जा रहा है। इस विरोधाभासी स्थिति में शिक्षकों का वेतन काटना पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। टीचर्स एसोसिएशन ने मांग किया है कि स्कूलों में रखी शिक्षक उपस्थिति पंजी के भौतिक सत्यापन को ही वेतन भुगतान का आधार माना जाए। इसके साथ ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के सभी शिक्षकों से पूरी निष्ठा से काम करने के बाद भी वेतन रोकने जैसे तानाशाही रवैये के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है।

# भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिला संयोजक मनहरण ने भाजपा जिला अध्यक्ष से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी के नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिला संयोजक मनहरण कौशिक ने आज भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा से सौजन्य भेंट कर संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला संगठन द्वारा उन पर व्यक्त किए गए विश्वास के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक एवं कार्यकर्ता-आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को उसकी निष्ठा, समर्पण और निरंतर परिश्रम के आधार पर दायित्व प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारी, प्रतिबद्धता और संगठन भावना के साथ करेंगे।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं तथा प्रदेश सरकार की जनहितकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे पूरी सक्रियता से कार्य करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी के जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष केके वैष्णव साथ में जिला संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ रघुनाथ योगी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बरबसपुर हाई स्कूल में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग, कवर्धा के महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिला मुख्यालय से लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित इस विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण केंद्र की जेंडर विशेषज्ञ सरिता साहू एवं आउटरीच वर्कर प्रिंसी गुप्ता ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, साइबर बुलिंग, ओटीपी और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के जोखिमों के बारे में विस्तार से बताते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी तत्काल अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित विभाग को देने की अपील की।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मण मिरी सहित कामना श्रीवास्तव, पूनम साहू, अनुराग जायसवाल एवं अजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। अंत में विद्यार्थियों से सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और साइबर अपराधों के प्रति सदैव सतर्क रहने का आह्वान किया गया।

# जिले में 306.8 मिली मीटर औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में एक जून से आज तक 306.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 314.3 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 265.6 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 278.7 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 24.6 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 259.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 210.6 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 424.6 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 468.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

28 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 21.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 12.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

## महराजपुर स्कूल में नितेश अग्रवाल ने वितरित की छात्राओं को साइकिल

# 54 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में साइकिल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नवमी में अध्ययनरत 54 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

नई साइकिल और उसकी चाबी पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। अतिथियों ने इसे बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताते हुए छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, लोकचंद साहू, चंदन पटेल, राजेश साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष भीखम पटेल, ब्यासी लाल ओगरे, बहल श्रीवास, अंकित शर्मा, विमला गौरी शंकर, नरेश साहू एवं सुदर्शन कुंभकार शामिल रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए नितेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल वितरण योजना ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

### छात्राओं को लगातार मिल रहा योजना का लाभ



कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शशिकला गुप्ता ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शासन की यह योजना छात्राओं की शिक्षा को निरंतरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों में चंद्रशेखर चौधरी, टी.पी. नायक, मुकेश ठाकुर, श्रीमती रंजना मिश्रा, श्रीमती गायत्री तिवारी, राजेश कुमार चंद्रवंशी, श्रीमती मधुरिमा सोनी, चरणजीत सिंह पहुजा, श्रीमती अल्का शर्मा, श्रीमती प्रियंका मेहरा, श्रीमती सीमा मरकाम, पूर्व सैनिक अब्दुल सईद खान, आशीष कुमार अग्रवाल, श्रीमती प्रीति पांडे, श्रीमती रामवती मरकाम एवं दसरू यादव सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



पीएम श्री सेजेस बोड़ला के प्रांगण में जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-14, 17 एवं 19 बालिका हॉकी स्पर्धा का भव्य आयोजन एवं समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिलेभर की बालिका खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमकांत मिश्रा एवं हिंदू संगम बोड़ला के संयोजक दुर्गेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यालय एवं खेल जगत से जुड़े शिक्षकों व प्रशिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर पीएम श्री सेजेस बोड़ला के व्याख्याता जगमोहन बर्मन सर एवं टंडन सर, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से ललिता अनंत मैम, जेवियर इक्का, इंदौरी पीटीआई जगतारण झारिया, पीएम श्री सेजेस बोड़ला के पीटीआई उत्तम वर्मा, खरहट्टा स्कूल के पीटीआई, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के खेल शिक्षक शैलेंद्र कुमार तथा बोड़ला के हॉकी कोच बृजेश चंद्रवंशी एवं हिमांशु चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

इन सभी के उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं संयुक्त सहयोग से यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में सुचारू रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं खेल प्रेमियों ने विजेता टीमों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।